राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI No. -DELHIN/2017/76338

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

W ebsite : faridabadkiawaz.com

वर्ष : 05 अंक : 24 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 9-15 मई 2022

मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8



देश की आवाज़

# आज बयान दर्ज कराएंगे तेजिंदर बग्गा, घर के बाहर तैनात किए दो पुलिसकर्मी

## सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तेजिंदर बग्गा सोमवार को पुलिस के सामने अपने बयान दर्ज कराएंगे, जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले में जांच के लिए बग्गा के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि पंजाब पुलिस के अधिकारियों के साथ कौन-कौन बग्गा की गिरफ्तारी के समय मौजूद थे, क्योंकि गिरफ्तारी के समय के वायरल वीडियो में कुछ सादी वर्दी में भी लोग दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि बग्गा ने कोर्ट में पेशी के दौरान सोमवार को बयान दर्ज कराने की बात कही थी। अधिकारी का कहना है कि बयान के बाद जरूरत हुई, तो दर्ज की गई एफआईआर में और धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जरूरत होने पर जनकपुरी थाना में बग्गा के संबंध में जानकारी देने के लिए पहुंचे पंजाब पुलिस के डीएसपी और अन्य दो पुलिसकर्मियों को जांच में शामिल किया जा सकता है। फिलहाल पुलिस ने किसी को भी हिरासत में नहीं लिया है और न ही कोई गिरफ्तारी की है।

**सीसीटीवी फुटेज जब्त**

पुलिस ने बग्गा के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की है। साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रही बग्गा के घर के अंदर की वीडियो



को भी जांच के लिए लिया गया है। इस वीडियो में पुलिस के साथ कई लोग सादी वर्दी में मौजूद थे। पुलिस अब उन लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस टीम यह जानना चाहती है कि वह लोग भी पंजाब पुलिस में मौजूद हैं या फिर वे पुलिस टीम से अलग थे।

**अस्थायी सुरक्षा मुहैया कराई गई**–कोर्ट के आदेश के बाद जनकपुरी थाना पुलिस ने बग्गा को अस्थायी सुरक्षा मुहैया कराई है। फिलहाल दो पुलिसकर्मियों को बग्गा के घर पर तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि बग्गा की सुरक्षा को लेकर समीक्षा की जाएगी। अभी कोर्ट के आदेश पर उन्हें दो पुलिसकर्मी दिए गए हैं, अगर जरूरत लगती है कि पुलिसकर्मियों को बढ़ाया जाए या फिर हटाया जाए तो उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

### बग्गा ने आप में शामिल होने का ऑफर ठुकरा दिया, मेरे बेटे से डरता है केजरीवाल-प्रीतपाल सिंह बग्गा

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर उनके पिता प्रीतपाल सिंह बग्गा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बनने से पहले से तजिंदर से घबराता और डरता है। तजिंदर इसकी गलतियों को उजागर करता रहा है। केजरीवाल जब तक सत्ता में है या सुधर नहीं जाता तब तक ऐसा ही चलेगा। उन्होंने कहा कि मेरी बग्गा से बात नहीं हुई है और उनके पास कोई फोन नहीं है। प्रीतपाल सिंह बग्गा ने कहा, हमें खुशी है कि पंजाब–हरियाणा उच्च न्यायालय ने तजिंदर के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। अरविंद केजरीवाल उनसे डरते हैं क्योंकि वह अपने गलत कामों को उजागर कर रहे हैं। उसने तजिंदर को आप में शामिल होने के लिए मनाने की भी कोशिश की लेकिन वह शामिल नहीं हुआ। मालूम हो कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने शनिवार रात निर्देश दिया कि बग्गा के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम न उठाया जाए। इससे पहले दिल्ली भाजपा के नेता ने मोहाली की एक अदालत द्वारा दिन में जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

## सम्पादकीय

### हादसे की उड़ान

हवाई सेवाओं में जरा भी चूक सैकड़ों लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए हवाई जहाज उड़ाने वालों की कुशलता का विशेष ध्यान रखा जाता है। बदलती तकनीक के मुताबिक उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाता है। मगर कुछ दशक से जिस तरह विमानन सेवा के क्षेत्र में निरंतर विस्तार हुआ और कारोबारी प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, उसमें कई बार कुछ विमानन कंपनियां इस पहलू पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे पातीं। हालांकि नागर विमानन महानिदेशालय समय-समय पर चालक दल की कुशलता का आकलन करता रहता है, पर फिर भी चूकें हो ही जाती हैं। इसका ताजा उदाहरण मुंबई से दुर्गापुर जा रहे स्पाइस जेट कंपनी के विमान का उतरते समय वायुमंडलीय विक्षोभ के कारण विचलित होकर संतुलन खो देना और सत्रह यात्रियों का घायल हो जाना है। बताया जा रहा है कि विमान का आटो पायलट काम नहीं कर रहा था, जिसकी वजह से चालकों को उसे संभालना पड़ा। विमान एकदम से पांच हजार फीट नीचे आ गया और हवाई पट्टी पर उसमें जोर के झटके लगने लगे, जिसके चलते यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। गनीमत है कि एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि यह विमान चालन में गंभीर खामी है, जिसके लिए संबंधित चालक दल को फिलहाल काम से अलग रखा गया है। नागर विमानन महानिदेशालय अब स्पाइस जेट के पूरे बेड़े की जांच कर रहा है। हवाई सेवाओं के लिए वायुमंडलीय विक्षोभ कोई नई या अचानक प्रकट हो गई समस्या नहीं है। विमान जितना अधिक ऊपर उड़ान भरता है, उसके सामने उतना ही अधिक ऐसे विक्षोभ की आशंका रहती है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के सामने तो यह समस्या अक्सर आती रहती है। खराब मौसम से तो विमानों को अक्सर दो चार होना पड़ता है। कभी तेज बारिश, कभी घने बादल, तो कभी धुंध और कोहरा, कभी तेज तूफान आदि। मगर इन सबके बीच से विमान को गुजरना होता है।



दिनेश शर्मा

ऐसी ही स्थितियों में चालक की कुशलता देखी जाती है। विमान उड़ाने में सबसे अधिक कुशलता की जरूरत उसे उतारते समय पड़ती है। अक्सर तेज बारिश में हवाई पट्टी पर फिसलन की आशंका होती है, तो घने कोहरे के वक्त हवाई पट्टी पर दृश्यता कम होने से दुर्घटना हो जाने की। इसके अलावा जिन हवाईअड्डों पर पट्टियां छोटी हैं, उन पर गति का संतुलन बिठाना भी खासी कुशलता की मांग करता है। इन स्थितियों से निपटने में जो चालक दक्ष नहीं होते, वही अक्सर हादसों की वजह बनते हैं।

कुछ दिनों पहले ही नागर विमानन महानिदेशालय ने स्पाइस जेट के ही नब्बे से अधिक चालकों को इसलिए अकुशल करार दिया था कि उन्होंने अत्याधुनिक तकनीक वाले विमान उड़ाने का प्रशिक्षण नहीं लिया था। हालांकि तब स्पाइस जेट ने कहा था कि इससे उसके विमानों के परिचालन में कोई कठिनाई नहीं आएगी, क्योंकि उसके पास पर्याप्त चालक हैं। मगर इस नए हादसे के बाद अब नागर विमानन महानिदेशालय के सामने इस कंपनी के न सिर्फ चालकों की दक्षता, बल्कि विमानों की गुणवत्ता और तकनीकी रूप से उड़ान भरने योग्य होने की जांच का भी बिंदु होगा।

# मुख्य न्यायाधीश ने डाक्टरों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जाने पर व्यक्त की गंभीर चिंता

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा ने डाक्टरों के खिलाफ बढ़ती हिंसा तथा झूठे मामले दर्ज किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सीजेआइ ने कहा, डाक्टरों के खिलाफ बढ़ती हिंसा को देखकर मुझे बेहद दुख होता है। ईमानदार और मेहनती डाक्टरों के खिलाफ कई झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्हें काम करने के बेहतर और अधिक सुरक्षित माहौल की जरूरत है।

डा. कर्नल सीएस पंत और डा. वनीता कपूर द्वारा लिखी गई पुस्तक एटलस आफ ब्रेस्ट इलास्टोग्राफी एंड अल्ट्रासाउंड गाइडेड फाइन नीडल साइटोलाजी के विमोचन के अवसर पर जस्टिस रमणा ने कहा कि वे डाक्टरों की अटूट भावना के प्रति भी सम्मान व्यक्त करना चाहेंगे, जो अपने मरीजों के लिए चौबीसों घंटे काम करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं देश की आबादी का 50 फीसदी हैं। वे परिवार और समाज की रीढ़ हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य को समाज तथा नीतियों में समान रूप से स्थान मिलना चाहिए।

**महिलाओं अपने स्वास्थ्य पर भी दें ध्यान**

जस्टिस रमणा ने कहा, लोग विशेष रूप से घर में महिलाएं, अपने स्वास्थ्य को छोड़कर सभी के स्वास्थ्य का ख्याल रखती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों, विशेष रूप से पति और बच्चों का यह कर्तव्य है कि वे उसे नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए भेजें। इससे वह अपने शरीर और स्वास्थ्य को समझने की स्थिति में हो सकेगी। आइएएनएस के अनुसार, जस्टिस रमणा ने कहा कि सरकार को स्तन कैंसर से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाना चाहिए। यह बीमारी समाज में चिंता का एक प्रमुख कारण बनती जा रही है। सरकार को इस मुद्दे से निपटने के लिए एक रोडमैप विकसित करना चाहिए। सामाजिक-आर्थिक कारणों को देखते हुए यह रोग पूरे परिवार के लिए अभिशाप बन सकता है। इंस्टीट्यूट आफ लीवर एंड बाइलरी साइंसेज के कुलपति शिव सरीन ने शनिवार को प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा से डाक्टरों की रक्षा करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी गलतियों की गुंजाइश को मानने की जरूरत है। उनके खिलाफ लापरवाही के मामलों से अलग तरीके से निपटा जाना चाहिए। मेरा अनुरोध है कि डाक्टरों की रक्षा करें और उनके प्रति दयालु रहें।

# सीएपीएफ और असम राइफल कर्मियों को अब सेवानिवृत्त होने के बाद भी मिलेगा रोजगार

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और असम राइफल के कर्मियों को अब सेवानिवृत्त होने के बाद भी रोजगार मिलता रहेगा। निजी सुरक्षा एजेंसियों के साथ रोजगार सुरक्षित करने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय ने कल्याण और पुनर्वास बोर्ड के माध्यम से सीएपीएफ पुनर्वास शुरू किया है। यह पोर्टल सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र और पसंदीदा रोजगार स्थान के साथ-साथ WARB वेबसाइट पर उनके व्यक्तिगत विवरण अपलोड करके एक उपयुक्त काम खोजने में मदद करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है।

**नौकरी चाहने वालों और नौकरी प्रदाताओं का एक मंच**



गृह मंत्रालय निजी सुरक्षा एजेंसियों (पीएसए) के पंजीकरण के लिए निजी सुरक्षा एजेंसियों के विनियमन अधिनियम (पीएसएआरए) के तहत एक पोर्टल भी चलाता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार दोनों वेबसाइटों को अब आपस में जोड़ा गया है, जिससे सेवानिवृत्त सीएपीएफ कर्मियों का डेटाबेस, जिन्होंने सीएपीएफ पुनर्वास पर आवेदन किया है, पीएसए द्वारा पीएसएआरए वेबसाइट के माध्यम से देखा जा सकेगा। इसके परिणामस्वरूप नौकरी चाहने वालों और नौकरी प्रदाताओं दोनों के लिए एक ही मंच अब मिलने वाला है। इस कदम से सेवानिवृत कर्मियों को काफी फायदा होने वाला है।

**पीएसए को डिजिटल रूप से मिलेगा डाटा**–बता दें कि सीएपीएफ कर्मियों और उनके परिवारों का कल्याण नरेंद्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक रहा है। गृह मंत्रालय की यह नई पहल सीएपीएफ पुनर्वास के तहत पीएसए को डिजिटल रूप से डेटा बेस तक पहुंच प्रदान करती है। सुरक्षा सेवाओं की आवश्यकता वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या में वृद्धि के साथ, पीएसए की पर्याप्त वृद्धि ने सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता को बढ़ाया है।

# लोकनायक अस्पताल परिवार ने मनाया भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह









**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** समस्त लोकनायक अस्पताल परिवार ने मनाया भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह मुख्य अतिथि श्री विजेंद्र कुमार जी संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली एवं डॉ सुरेश कुमार जी चिकित्सा निदेशक लोक नायक अस्पताल नई दिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन दिनांक 6 मई 2022 को किया नई दिल्ली 6 मई 2022 लोकनायक अस्पताल में श्री परशुराम जयंती कब बड़े ही धूमधाम का आयोजन किया गया भगवान विष्णु जी के छठे अवतार जमदग्नि पुत्र फरसा धारी श्री परशुराम जयंती का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ द्वारा किया गया श्री गगन दधीच एवं टीम द्वारा इतना सुंदर वाचन किया गया कि श्रोता घर मंत्र मुक्त हो गए सभी श्रोताओं ने मिलकर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया इस्कॉन रोहिणी से आए सभी कृष्ण भक्तों ने हरिनाम संकीर्तन कर प्रतिभाओं को चारों तरफ फैला दिया हरे कृष्ण महामंत्र हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे जप करते-करते श्रोता गण भक्ति सागर के आनंद में डूब गए आचार्य अरुण मिश्र एवं टीम ने मिलकर सनातन वैदिक संस्कृति अनुसार हवन का आयोजन कर वातावरण को शुद्ध किया नर्सिंग यूनियन के जनरल सेक्रेटरी श्री अमित पांडे मुख्य आयोजक चिकित्सा सेवा से जुड़े श्री शैलेंद्र त्रिपाठी जी ने मुख्य अतिथि श्री विजेंद्र कुमार जी का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया मुख्य अतिथि श्री विजेंद्र कुमार जी ने इतना भव्य और सुंदर समारोह आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया और समस्त आयोजक श्री कमल पंडित जी श्री अभिषेक चतुर्वेदी जी श्री अनुराग शर्मा जी श्री विनोद शर्मा जी श्री रमेश जी एवं श्री सत्येंद्र जी का बहुत-बहुत धन्यवाद किया विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेश कुमार ने श्री परशुराम जी की जयंती पर उनके शक्ति और ज्ञान का वर्णन करके बताया कि उन्होंने 21 बार धरती से दुष्टों का संहार कर इस धरती को पाप मुक्त किया श्री परशुराम जयंती के उपलक्ष पर भंडारा एवं प्रसाद वितरण करे समारोह का समापन किया गया

# नुक्कड़ नाटक के मध्यम से लोगों को जागरूक किया गया

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** कमिश्नर ऑफ पुलिस विकास अरोड़ा जी के दिशा निर्देश पर एवम डी सी पी मुख्यालाय नितेश कुमार अग्रवाल की अगवानी में इंस्पेक्टर सविता के द्वारा मिशन जागृति संस्था के साथ नशा मुक्त फरीदाबाद अभियान के अंतर्गत सेक्टर 22 की मछली मार्केट मे नुक्कड़ नाटक के मध्यम से लोगों को जागरूक किया

इन्स्पेक्टर सविता ने बताया कि नशे के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराने के लिए फरीदाबाद पुलिस कमिशनर की अगवानी मे पूरे फरीदाबाद मे जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है जिसमे बताया गया



की कैसे एक घर के मुखिया के नशे की लत के कारण उनका पूरा घर संसार बर्बाद हो जाता है इस अवसर पर उपस्थित मिशन जागृति के संस्थापक प्रवेश मलिक ने बताया की संस्था हमेशा से ही सामाजिक काम शाशन और प्राशशन के साथ मिलकर करती रही है हमारा उधेश्य ही यही है की लोगों को जागरूक किया जाए उन्होंने बताया की आज अधिकतर अपराध नशे के कारण ही हो रहे है

**इस अवसर पर उपस्थित:** ट्रेफिक ताऊ वीरेंद्र बल्हारा ने कहा की नशे के प्रभाव में व्यक्ति की सोचने समझने की क्षमता कम हो जाती हैं। ऐसे में व्यक्ति अनेक ऐसे असामाजिक कार्य कर देता है, जिससे समाज मे तनाव उत्पन्न होता हैं। मिशन जागृति फरीदाबाद की अग्रणी सामाजिक संस्था है जो लगातार बहुत अच्छा काम कर रही है । दुर्गा शक्ति वाहिनी से पूजा , सावित्री और सागर भी उपस्थित रहे इस नुक्कड़ नाटक मे गुरमीत सिंह , संतोष अरोड़ा , दिनेश राघव , प्रेमराज , अशोक भटेजा , शिवानंद, महेश आर्य , दीपा, दिव्या, अश्विनी चौधरी, सिमरन , गार्वित अरोड़ा उपस्थित रहे

# दिल्लीवालों को फिर बेहाल करेगी गर्मी, चार दिन में चार डिग्री तक चढ़ेगा पारा

**फरीदाबाद की आवाज**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अगले चार दिनों के बीच अधिकतम पारा चार डिग्री तक चढ़ेगा। इसके चलते दिल्ली के लोगों को भीषण लू का सामना करना होगा। इस बीच, शनिवार के दिन दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर चला गया। हालांकि, मानक वेधशाला सफदरजंग में अभी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से थोड़ा नीचे हैं। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में शनिवार के दिन सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तीखी और तेज होने लगी। दिन के समय लोगों को खासी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि, हवा की दिशा में बदलाव के चलते तापमान में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में दिन का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। जबकि, न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं, दिल्ली के 11 में से आठ मौसम केंद्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। दिल्ली के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मौसम केंद्र में दिन का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अब अगले पांच-छह दिनों के बीच आसमान साफ रहेगा। इसके चलते दिन भर तेज धूप निकलेगी और पारा तेजी से चढ़ेगा। रविवार के दिन तापमान 41 से 24 के बीच रहेगा। जबकि, सोमवार के दिन यह 42 से 25 के बीच चला जाएगा। मंगलवार से दिल्ली के लोगों को एक बार फिर से लू की स्थिति का सामना करना होगा। 11 तारीख तक अधिकतम तापमान के 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

## हरियाणा में हड़ताल में बसें चलवाने में विफल रहे फरीदाबाद, पलवल और दादरी रोडवेज के जीएम बदले



**चंडीगढ़।** इसी वर्ष 28 और 29 मार्च को रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान बसों का संचालन कराने में विफल रहने के कारण चार्जशीट किए गए दादरी, फरीदाबाद और पलवल के रोडवेज महाप्रबंधकों पर तबादले की गाज गिरी है। फरीदाबाद के महाप्रबंधक राजीव नागपाल, पलवल के सुरेंद्र सिंह और चरखी दादरी के महाप्रबंधक देव दत्त को हटाते हुए चंडीगढ़ मुख्यालय में स्थानांतरित किया गया है। परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने शुक्रवार को सात रोडवेज महाप्रबंधकों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी कर दिए। करनाल जीसीडब्ल्यू के महाप्रबंधक लेख राज को फरीदाबाद का जीएम बनाते हुए डीटीसी और जीसीडब्ल्यू करनाल के महाप्रबंधक का कार्यभार दिया गया है। हिसार एचआरसीडब्ल्यू के जीएम केआर कौशल को शेर सिंह की जगह सिरसा का महाप्रबंधक बनाया गया है। गुरुग्राम एचईआरसी के जीएम दीपक कुंडू अब डीटीआइ मुरथल के जीएम होंगे और गुरुग्राम एचईआरसी का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे। इसी तरह नारनौल रोडवेज के जीएम नवीन शर्मा को चरखी दादरी के जीएम का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। प्रदेश सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान पांच जिलों में व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रहे रोडवेज महाप्रबंधकों को चार्जशीट किया था। इनमें हिसार के रोडवेज महाप्रबंधक एचसीएस राहुल मित्तल को पहले ही स्थानांतरित किया जा चुका है, जबकि सिरसा के जीएम आरएस पुनिया 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए थे। हालांकि उनके सेवानिवृत्ति लाभों को प्रदेश सरकार ने रोका हुआ है। हड़ताल में शामिल हुए 5750 रोडवेज कर्मचारियों का वेतन पहले ही काटा जा चुका।

**हरियाणा के कालेजों में रिटायर्ड प्राचार्यों को मिलेगा सेवा विस्तार**

हरियाणा सरकार ने कालेजों में प्राचार्यों की कमी को दूर करने के लिए रिटायर्ड प्राचार्यों को सेवा विस्तार देने का अहम निर्णय लिया है। रिटायर्ड प्राचार्यों को सेवा विस्तार के लिए तंग न होना पड़े, इसके लिए राज्य सरकार सेवा विस्तार देने हेतु पालिसी बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर मुख्य सचिव संजीव कौशल ने यह बड़ी पहल की है, ताकि स्कूल व कालेजों में प्राचार्यों की कमी की वजह से कामकाज प्रभावित न हो सके। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को आठ प्राचार्यों की रिटायरमेंट के बाद उन्हें दो साल के लिए पुनर्नियुक्ति दी है। राजकीय महिला कालेज डाटा (हिसार) के मक्खन सिंह, राजकीय महाविद्यालय जसिया (रोहतक) के रणवीर सिंह, राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा (करनाल) के डा. पीयूष कुमार और राजकीय महाविद्यालय रायपुररानी पंचकूला के नरेंद्र अंचल को पुनर्नियुक्तियां दी गई हैं। इसी तरह, राजकीय महाविद्यालय जुलाना जींद के यशपाल, राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर अंबाला की रजनी भल्ला, करनाल के सेक्टर 14 स्थित राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा और राजकीय महाविद्यालय कोसली रेवाड़ी के सुधीर कुमार को सेवा विस्तार दिया गया है। उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने बताया कि यह सभी प्राचार्य अपने मौजूदा कालेजों में भी मुखिया की जिम्मेदारी निभाएंगे।

**संस्कृति माडल स्कूलों में 10 मई तक होंगे दाखिले**

हरियाणा के शिक्षा विभाग ने बच्चों व अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए राज्य के माडल संस्कृति स्कूलों में दाखिले की तारीख बढ़ा दी है। अब इन स्कूलों में 10 मई तक दाखिले हो सकेंगे। स्कूलों में दाखिलों से वंचित चल रहे बच्चों के अभिभावकों की मांग पर सरकार ने यह फैसला किया है।

**दो एचपीएस समेत चार अफसरों को सेवा विस्तार**

हरियाणा सरकार ने दो एचपीएस अधिकारियों रवींद्र कुमार और नरेंद्र कुमार को पुनर्नियुक्तियां दी हैं। मनोहर मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को चार अधिकारियों की पुनर्नियुक्तियों पर मुहर लगाई है। इनमें मुख्य प्रारूपकार (सिविल) शेर सिंह और सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी अर्जुन कुमार पूनिया शामिल हैं।

## बदमाशों ने हरियाणा पुलिस के एसआई को मारी गोली, गश्त के दौरान पीछा करने पर वारदात को दिया अंजाम



**यमुनानगर।** बिना नंबर बाइक सवार दो युवकों का पीछा कर रही पुलिस टीम पर गोली चला दी। गोली पुलिस गाड़ी में बैठे एसआई सतीश कांबोज को लगी। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल, डीएसपी रादौर रजत गुलिया के अलावा सीआईए वन इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार व सीआईए टू से राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। घटना के बाद फरार हमलावरों की तलाश में पुलिस ने जगह जगह नाकाबंदी भी शुरू कर दी। रादौर थाने में तैनात एसआई सतीश कांबोज टीम के साथ गश्त पर थे। जब वह बस स्टैंड के समीप से गुजर रहे थे तो उन्होंने बिना नंबर की एक बाइक पर दो नकाबपोश युवकों को देखा जो बैंक के बाहर खड़े हुए थे। संदिग्ध लगने पर वह उनके पास जाने लगे तो पुलिस टीम को देखते हुए युवक बाइक लेकर रादौरी रोड की ओर भाग लिए। उन्होंने पीछा किया और रादौरी रोड स्थित एफसीआई के गोदामों के पास जाकर उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन नकाबपोश युवकों ने रूकने की बजाए एसआई सतीश कांबोज पर दो फायर कर दिए। जिसमें से एक सतीश के पेट व एक बाजू में जाकर लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गए। संदिग्ध युवको को देखकर पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया था। लेकिन उन्होंने पुलिस कर्मचारियों पर गोलियां चला दी। जिससे उनका कर्मचारी सतीश कांबोज घायल हो गया है। हमलावरों को पकडने के लिए पुलिस ने चारों ओर नाकाबंदी शुरू कर दी है। हमलावरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएगें। जल्द ही हमलावरों को पकड़ लिया जाएगा।

**रजत गुलिया, डीएसपी रादौर**

बदमाशों के हौंसले बुलंद, पुलिस तक पहुंचे हाथ

जिला यमुनानगर में बदमाशों के हौंसले पूरी तरह से बुलंद हो चुके है। पिछले एक माह में बदमाशों ने कई मारपीट व गोली चलाने की घटनाओं को अंजाम दे दिया है। लेकिन रादौर में हुए गोलीकांड से अब प्रमाणित हो रहा है कि बदमाशों को अब पुलिस को भी खौफ नहीं है। बैखौफ बदमाश पुलिस पर हमला करने से भी पीछे नहीं हट रहे है। ऐसे में लोगों को भी अपनी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता सता रही है।

**पुलिस ने बिना नंबर बाइक चालकों के खिलाफ चलाया हुआ है अभियान**

पुलिस प्रशासन की ओर से पिछले कई दिनों से बिना नंबर बाइक चालकों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। जिसको लेकर चौक चौराहों पर बिना नंबर के बाइक सवारों को रोककर उनकी जांच की जा रही है और उनके चालान किए जा रहे है। बिना नंबर बाइक सवारों के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य बढ़ते क्राइम को रोकना ही है लेकिन दिन दिहाड़े पुलिस पर गोली चलने की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है।

# भाजपा नेता तजिंदर पाल बग्गा को ले गई दिल्ली पुलिस, हाईकोर्ट ने ठुकराई पंजाब पुलिस की मांग

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली से पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया। पंजाब ले जाते समय दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस की गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद पंजाब पुलिस के साथ-साथ तजिंदर पाल सिंह बग्गा को थाने ले जाया गया। वहीं, अब दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। इस बीच, पंजाब पुलिस कुरुक्षेत्र पुलिस के रवैये के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट पहुंची। हाई कोर्ट ने मामले पर हरियाणा सरकार से जवाब मांगा। हरियाणा ने कहा कि उसने पंजाब पुलिस को दिल्ली पुलिस के मैसेज के बाद रोका। हरियाणा सरकार मामले पर कल हपफनामा पेश करेगी। वहीं, हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया कि मामले की सुनवाई तक बग्गा को हरियाणा पुलिस के पास ही रखा जाए, दिल्ली नहीं भेजा जाए। करीब तीन घंटे से दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के पुलिस अधिकारी मीटिंग कर रहे हैं। आपस में बातचीत जारी है। कुरुक्षेत्र एसपी डाक्टर अंशू सिंगला कुछ देर के लिए बाहर आईं, लेकिन बिना मीडिया से बातचीत करते हुए मीटिंग में फिर गईं। इससे पहले हरियाणा ने हाई कोर्ट में जवाब दिया कि दिल्ली पुलिस ने वायरलेस मैसेज भेजकर गाड़ी नंबर [illegible]65 ।1366 को राउंड अप करने का आग्रह किया था। इस गाड़ी में बग्गा का अपहरण किया गया है। हरियाणा सरकार ने वायरलेस मैसेज की जानकारी कोर्ट में दी। इसी के बाद हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस की गाड़ी रोकी।

**पंजाब पुलिस के एडीजीपी शरद चौहान भी पहुंच गए हैं।**

दिल्ली पुलिस के डीसीपी प्रशांत कुमार की अगुवाई में सात गाड़ियों में टीम पहुंची थी। यहां से दोपहर बाद 2:45 बजे दिल्ली पुलिस तजिंदर सिंह बग्गा को अपने साथ ले गई। दिल्ली पुलिस की एक टीम इसके बाद पंजाब पुलिस की टीम के साथ बातचीत कर रही है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी सहित कुरुक्षेत्र एसपी डाक्टर अंशु सिंगला, करनाल एसपी गंगाराम पूनिया और मोहाली एएसपी मनप्रीत के बीच बातचीत चल रही है।

**दिल्ली पुलिस की अभी चार गाड़ियां खड़ी हैं।**

थाना सदर थानेसर में पंजाब और दिल्ली पुलिस टीम के बीच बातचीत चल रही है। दोनों प्रदेशों के पुलिस अधिकारी एक कमरे में बातचीत को गए। बग्गा मामले में कुमार विश्वास ने भी ट्वीट किया। उन्होंने पंजाब के सीएम भगवंत मान के नाम संदेश दिया। ट्वीट में लिखा कि खुद्दार पंजाब ने 300 साल में दिल्ली के किसी असुरक्षित तानाशाह को अपनी ताकत से कभी नहीं खेलने दिया। पंजाब ने तुम्हारी पगड़ी को ताज सौंपा है। पंजाब के लोगों के टैक्स के पैसों व उनकी पुलिस का अपमान मत करो। पगड़ी सम्भाल जट्टा। दिल्ली और हरियाणा पुलिस की टीम आपस में बातचीत कर रही। जबकि पंजाब पुलिस की टीम अलग बातचीत कर रहे।

**वहीं, थाना सदर थानेसर में अभी भी दिल्ली, हरियाणा और पंजाब पुलिस की टीम मौजूद है।**

इस मामले में हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि बग्गा के पंजाब नहीं, दिल्ली पुलिस को सौपेंगे। हम किसी रुकवाट की तरह काम नहीं कर रहे। जहां किडनैपिंग का मामला दर्ज हुआ है। उस थाने में बग्गा को भेजेंगे। वहीं, बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर हरियाणा भाजपा की महिला नेता और खेल विभाग की डिप्टी डायरेक्टर बबीता फौगाट ने भी बयान जारी किया है। ट्वीट करते हुए कहा कि पंजाब पुलिस की कार्रवाई लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास है। तानाशाह को सच से डर लगता है, तभी तानाशाह केजरीवाल उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को दबा रहे हैं। एएसपी ने बताया कि बग्गा के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। पांच बार नोटिस दिया था। जांच को ज्वाइन करने के लिए नोटिस दिया था। छठीं बार उन्हें आकर गिरफ्तारी किया। दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया। उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद एसएचओ को मैसेज छोड़कर कोर्ट में पेश करने के लिए जा रहे थे। हर कार्रवाई की वीडियोग्राफी करवाई गई है। कुरुक्षेत्र पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाब पुलिस की मोहाली नंबर की दो बोलेरो गाड़ियां दिल्ली के भाजपा नेता को गिरफ्तार करके पंजाब ले जा रही हैं। इसके बाद सभी को पिपली थाना ले गए। अब पंजाब पुलिस और भाजपा नेता को थाना सदर थानेसर में ले गई।

# बम होने की अफवाह पर हरियाणा के सांपला में रोकी दिल्ली नरवाना स्पेशल ट्रेन पूरी ट्रेन करवाई खाली

**रोहतक।** दिल्ली-नरवाना स्पेशल ट्रेन में बम की अफवाह पर यात्रियों ने सांपला स्टेशन के पास चेन खींच कर इसे रोक दिया। करीब दो घंटे बाद बम निरोधक दस्ते की जांच के बाद ट्रेन रवाना नहीं हो सकी है। ट्रेन में सवार करीब 850 यात्री सांपला स्टेशन पर फंसे हुए हैं। ट्रेन को उड़ाने की धमकी देने वाले को पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। सांपला स्टेशन मास्टर अरूण कुमार ने बताया कि दिल्ली से नरवाना जा रही गाड़ी संख्या 04425 को यात्रियों ने स्टेशन के पास चेन खींच कर रोक दिया। करीब सात बजे यहां पर गाड़ी रुकी तो इसी दौरान सांपला



थाना पुलिस भी पहुंच गई। यात्री एक संदिग्ध को लेकर ट्रेन से उतरे तो पूरे मामला का पता लगा। यात्रियों ने बताया कि आरोपित ट्रेन को बम से उड़ाने की बात कर रहा था। यात्रियों के द्वारा पकड़ा गया संदिग्ध युवक सेकेंड लास्ट बोगी में सवार था। पुलिस टीम ने तुरंत ट्रेन के सभी कोच को खाली करवाया व बम निरोधक दस्ते को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते ने करीब दो घंटे तक ट्रेन की जांच की। उसके बाद हरियाणा पुलिस व जीआरपी हर एक बोगी का निरीक्षण कर रही है। वहीं आरोपित दिल्ली के नांगलोई का रहने वाला है व नशे की हालत में मिला है।

## एक महीने पहले जेल से आया, फिर उतरा नशा तस्करी में पुलिस स्मैक के साथ दबोचा

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक महीना पहले नशा तस्करी के मामले में जमानत पर बाहर आए युवक को फिर 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित को लेदा खादर से गिरफ्तार किया गया है। जिसके खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सेल के इंचार्ज राकेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि लेदा खादर के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर राजकुमार, धर्म सिंह एएसआई, जसवीर सिंह हैप्पी, सतीश, रामप्रसाद हेड कांस्टेबल राजिद्र व अमरजीत की टीम का गठन किया गया। जिन्होंने मौके पर जाकर युवक को गिरफ्तार किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट उप आबकारी कराधान अमित कुमार को बुलाकर युवक की तलाशी ली तो 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। व्यक्ति की पहचान लेदा खादर निवासी रिजवान के रूप में हुई है। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी लूट, नशा तस्करी, आ?र्म्स एक्ट सहित करीब पांच मामले दर्ज हैं।

जो कोर्ट में विचाराधीन है। वह नशा तस्करी के मामले में एक महीने पहले ही जेल से बाहर आया और जमानत पर आते ही फिर से उसने नशे का कारोबार शुरू कर दिया। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 100 ग्राम अफीम के साथ युवक को गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे रिमांड पर लिया जाएगा। इंचार्ज राकेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि लेदा खादर के पास एक युवक नशीले पदार्थों के साथ घूम रहा है।

# हरियाणा में बदला इतिहास का सिलेबस, बच्चे महात्मा गांधी के साथ सावरकर के बारे में भी पढ़ेंगे

**पंचकूला।** हरियाणा में आज से इतिहास का सिलेबस बदल गया है। राज्य में अब स्कूली बच्चे महात्मा गांधी के साथ-साथ सावरकर के बारे में भी पढ़ेंगे। शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि सिलेबस में बदलाव आज से किया गया है। हरियाणा में छठी से दसवीं तक की इतिहास की किताबों के सिलेबस में बदलाव किया गया है। शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर आज नई किताबें लांच की। नए पाठ्यक्रम में विदेशी आक्रमण के बारे में एक पेज दिया गया है, जबकि महापुरुषों के बारे में एक पैरे की जगह एक पेज का स्थान दिया गया है। छठी के साथ अब 10वीं



में भी सरस्वती नदी के बारे में पढ़ने को मिलेगा। 1857 के संघर्ष को विद्रोह या गदर नहीं आजादी की पहली क्रांति के रूप में प्रस्तुत किया है और इसमें हरियाणा के योगदान को प्रमुखता से रखा है। इससे पहले अब तक पुस्तकों में बच्चे पढ़ते थे ये क्रांति मेरठ से शुरू हुई, अब क्रांति के अंबाला से शुरू होने के बारे में पढ़ने को मिलेगा। हरियाणा का अपना इतिहास इस बार किताबों में बाहर का इतिहास कम और प्रदेश का इतिहास ज्यादा शामिल किया है। प्रदेश के महापुरुषों की संख्या बढ़ाई है। सरस्वती नदी और सिन्धु सभ्यता को विस्तार से बताया है। बच्चों को कैथल के वीर मोहन सिंह मंढार से लेकर स्थानीय राजाओं का इतिहास भी पढ़ाया जाएगा।

इसी तरह 8वीं में सिख गुरु परंपरा का विशेष पाठ दिया है और कई प्रमुख गुरुद्वारों को फोटो के माध्यम से भी दर्शाया है। प्रेरणा दिवंगत दर्शन लाल जैन और दिवंगत सतीश चन्द्र मित्तल को बताया गया है। दर्शन लाल जैन और सतीश चंद्र मित्तल दोनों ही खुद भी संघ से जुड़े रहे हैं।

1857 की क्रांति की शुरुआत को लेकर सीबीएसई और हरियाणा की किताबों में इस बार अलग-अलग तथ्य पढ़ने को मिलेंगे। सीबीएसई में क्रांति की शुरुआत मेरठ से बताई है, लेकिन हरियाणा की किताबों में एक दिन पहले ही इसकी शुरुआत अंबाला बताया गया है।

## जिला शिक्षा अधिकारी से मिला प्राईवे स्कूल एसा. का प्रतिनिधिमंडल

**भिवानी।** राइट टू एजुकेशन के नियमों के बारे में स्पष्टीकरण को लेकर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी रामअवतार शर्मा से मिला। प्रतिनिधि मंडल में शामिल अमित डागर, कर्ण मिर्ग, संजीव श्योराण और अन्य स्कूल संचालकों ने अपना पक्ष रखा। एसो के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने कहा शिक्षा विभाग सबसे पहले अपनी नीति स्पष्ट करे। हाल ही में शिक्षा विभाग की तरफ से राज्य के प्राइवेट स्कूलों को पत्र भेजकर राइट टू एजुकेशन के तहत स्कूल कि निम्नतम कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर वंचित और गरीब वर्ग के बच्चों को दाखिले देने का निर्देश दिया था।

## युवाओं में संचार कौशल से व्यक्तित्व विकास के अनेक अवसर

**भिवानी।** छात्रों को नए युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार होने के लिए नवोन्मेषी, स्वरोजगार केंद्रित व उद्यमशील होना जरूरी है और इसके लिए उनके व्यक्तित्व में अनेक प्रकार के कौशल के समावेश की आवश्यकता होती है। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में इसी व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। संचार कौशल निर्माण (कम्युनिकेशन स्किल्स) इसी दिशा में जुडी वो प्रेरक इकाई है जो आज हर कंपनी अपने सेवा योग्य अभ्यर्थी से अपेक्षा रखती है। हिसार से डा. प्रज्ञा कौशिक को एम्प्लायमेंट ट्रेनिग सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में इस विषय पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया।

# नीरज चोपड़ा की एक्सयूवी गाड़ी को रोडवेज ने मारी टक्कर, आनंद महिंद्रा ने गोल्डन ब्वाय को दी थी गिफ्ट

**पानीपत।** नीरज चोपड़ा की गाड़ी को जीटी रोड पर लघु सचिवालय के सामने रोडवेज बस ने साइड मार दी। बस पंचकूला डिपो की थी। घटना के वक्त गाड़ी में नीरज नहीं, बल्कि उनके चाचा भीम चोपड़ा सवार थे। वो खुद ही गाड़ी ड्राइव कर रहे थे। जो बाल बाल बच गए, लेकिन गाड़ी का बराबर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। शुरुआत में बस चालक ने नीरज के चाचा को रौब दिखाया, जब पुलिस मौके पर आई तो हाथ जोड़कर माफी मांग ली। वहीं भीम चोपड़ा ने भी बस में सवारियां होने पर उसे बिना कार्रवाई के जाने





दिया। उक्त एक्सयूवी-700 कार पदक जितने के बाद नीरज को गिफ्ट में मिली थी।

**दिल्ली लेन में हुआ हादसा**

पानीपत के गांव खंडरा के रहने वाले टोक्यो ओलिंपिक में जैवलिन (भाला फेंकने) में गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने बताया कि वे यमुना एन्क्लेव की तरफ से जीटी रोड पर दिल्ली लेन की तरफ चल रहे थे। बगल में हरियाणा रोडवेज की बस चल रही थी। कुछ आगे चलकर रोडवेज बस चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी कार को साइड से टक्कर मार दी।

**चालक परिचालक से होने लगी कहासुनी**

हादसे के बाद भीम चोपड़ा व रोडवेज बस के चालक परिचालक के साथ कहासुनी हो गई। बस चालक व परिचालक ने कहा कि हमारा तो सीएम भी कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस पर भीम चोपड़ा ने मौके पर ही एसपी को काल कर पुलिस बुला ली। लेकिन पुलिस पहुंचते ही रोडवेज चालक व परिचालक ने हाथ जोड़ भीम चोपड़ा से माफी मांगी। जिस पर उन्होंने दोनों माफ करते हुए भविष्य के लिए आगाह कर जाने दिया। भीम चोपड़ा ने बताया कि बस में सवारियां थी। इसलिए जाने दिया। अन्यथा, जिस तरह से चालक व परिचालक व्यवहार कर रहे थे। वो कार्रवाई जरूर कराते।

# हरियाणा में सस्ती हुई शराब, कैबिनेट ने दी नई आबकारी नीति को मंजूरी और भी कई अहम फैसलों पर लगी मोहर

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिमंडल की सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में सरकार के कई अहम फैसलों पर मोहर लगी। हरियाणा मंत्रिमंडल ने राज्य की नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। वाइन पर आयात शुल्क घटा दिया गया है। नई आबकारी नीति के बाद राज्य में शराब सस्ती हो जाएगी। कोरोना काल में शराब की अवैध बिक्री और तस्करी से सबक लेते हुए हरियाणा सरकार ने इसके तमाम छिद्र बंद कर दिए हैं। राज्य में शराब सस्ती कर दी गई है। साथ ही शराब ठेकेदारों को भी सरकार ने काफी राहत दी है, ताकि वह शराब की अवैध बिक्री के लिए मजबूर न हो सकें। प्रदेश सरकार ने वाइन पर आयात शुल्क को सात रुपये से घटाकर दो रुपये प्रति बोतल कर दिया गया है। अब राज्य में शराब बनाने का कारखाना स्थापित करना भी आसान होगा। इसके लिए पहले जो लाइसेंस फीस 15 लाख रुपये लगती थी, उसे घटाकर मात्र एक लाख रुपये कर दिया गया है। आयातित विदेशी शराब पर वैट 10 प्रतिशत से घटाकर तीन प्रतिशत और देशी शराब, वाइन, बीयर और आइएमएफएल पर 13 व 14 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत किया गया है। हरियाणा सरकार ने नई आबकारी पालिसी में बार लाइसेंस के शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में साल 2022-23 की आबकारी नीति को स्वीकृति प्रदान की गई। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आबकारी एवं कराधान विभाग के भी मंत्री हैं। नई आबकारी नीति 12 जून से आरंभ होकर 11 जून 2023 तक लागू रहेगी। साल 2020-21 में 6791.98 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2021-22 में 7938.8 करोड़ रुपये का आबकारी राजस्व एकत्र हुआ है, जो 17 प्रतिशत अधिक है। साल 2022-23 में शराब के सस्ती होने के बावजूद चोरी रुकने से राजस्व में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। शराब की अंतर्राज्यीय आवाजाही के बेहतर नियंत्रण के लिए ट्रांजिट स्लिप शुरू की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि 2022-23 में खुदरा क्षेत्र (अधिकतम चार खुदरा दुकानों) की ई-निविदा के माध्यम से शराब के ठेकों की नीलामी की जाएगी। वह ब्रांड या लेबल, जिनमें पिछले वर्ष की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, उनको अनुमोदित करने की शक्तियां डीइटीसी को सौंपी गई हैं। शराब कारखानों को त्रैमासिक आधार के बजाय अब वार्षिक आधार पर अतिरिक्त पारियों में संचालन की अनुमति प्रदान की जाएगी। इससे इंस्पेक्टरी राज पर रोक लगेगी। लाइसेंसों का नवीनीकरण करने की शक्तियां डीइटीसी को सौंपी गई हैं। नए ब्रांड का अनुमोदन आननलाइन होगा।

उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के अनुसार सरकार कम मादक पेयों को ही प्रोत्साहित करेगी। शराब कारखाना स्थापित करने के लिए आशय पत्र का शुल्क 15 लाख रुपये से घटाकर एक लाख रुपये किया गया है। सरकार ने बार लाइसेंस के शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की है। मोरनी को उन स्थानों की सूची में जोड़ा गया है, जहां पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए बार लाइसेंस दिए जा सकेंगे। राज्य में कहीं भी स्थित बार और क्लब अब बार लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। बार और खुदरा विक्रेता अब अतिरिक्त शुल्क का भुगतान कर लंबे समय तक अपना संचालन कर सकेंगे।

सीएल और आइएमएफएल का मूल कोटा 1100 लाख प्रूफ लीटर और 650 लाख प्रूफ लीटर होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग चार प्रतिशत अधिक है।

देशी शराब (सीएल) और आइएमएफएल के थोक लाइसेंसों के लाइसेंस शुल्क में मामूली वृद्धि होगी।- मेट्रो शराब, जिसमें मामूली वृद्धि हुई है, उसे छोड़कर, देशी शराब और आइएमएफएस के अधिकतर ब्रांड के न्यूनतम खुदरा बिक्री मूल्य में कोई बदलाव नहीं होगा।अधिकतर आइएमएफएल ब्रांड के आबकारी शुल्क में कोई वृद्धि नहीं हुई।तस्करी रोकने को व्हिस्की और वाइन के आबकारी शुल्क को 225 रुपये प्रति पीएल/बीएल से घटाकर 75 रुपये प्रति पीएल/बीएल किया गया है।



# रह रही हैं घर से दूर, तो ऐसे सजाएं अपना कमरा

**घर को तो आप सजाती ही होंगी, लेकिन अगर आप घर से दूर रह रही हैं तो अपने आशियाने को इस तरह सजाएं।**

जब आप काम के सिलसिले में या पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहर में जाती हैं तो आपको वहां पर घर से दूर किसी हॉस्टल के कमरे, पीजी या किराए के अपार्टमेंट में रहना पड़ता है। भले ही वह आपके लिए कुछ समय का ठिकाना हो, लेकिन फिर भी उसमें अपनेपन का अहसास होना बेहद जरूरी है। कुछ लड़कियों का तो घर से दूर नई जगह पर होमसिक फील करती हैं, ऐसे में वह अपनी पढ़ाई या काम में मन नहीं लगा पाती। इस समस्या का एक आसान तरीका है कि आप उस छोटे से आशियाने को अपने रंग में रंग दें।

जब बात किराए के अपार्टमेंट या हॉस्टल के कमरे को सजाने की बात आती है तो समस्या यह होती है कि आप उसे अपने मनमुताबिक रूप देना चाहती हैं, वहीं दूसरी ओर किसी दूसरे का घर होने के कारण आपके उपर बहुत सी बंदिशें होती हैं। आप कमरे का कलर अपनी पसंद का नहीं करवा सकतीं तो बहुत सी जगहों पर कील ठोकने और कुछ टांगने से भी मना किया जाता है। ऐसे में इन सभी लिमिटेशन का ध्यान रखते हुए आपको अपने कमरे को सजाना होता है। तो चलिए जानते हैं घर से दूर एक छोटे से घर को सजाने के कुछ आसान उपाय–

## देखें कमरा

कमरे को सजाने से पहले जरूरी है कि आप पहले उसे अच्छे से देखें और समझें। इसका मतलब यह है कि कमरे को वास्तविकता में सजाने से पहले उसे अपने मन में सजाएं। इससे आपको समझ आएगा कि आपको कमरे को एक खूबसूरत लुक देने के लिए आपको किन चीजों की आवश्यकता होगी।

## कम सामान

किराए के अपार्टमेंट या हॉस्टल का कमरा सजाते समय कोशिश करें कि आप कम से कम सामान का इस्तेमाल करें। दरअसल, जब आप घर से दूर किसी जगह पर होते हैं तो वहां स्पेस कम होता है। इसके अलावा अगर आप पढ़ने के लिए गई हैं तो ज्यादा सामान रखने से आपका काफी सारा वक्त उसकी साफ–सफाई में ही निकल जाएगा और ज्यादा सामान की केयर करना भी कई बार मुश्किल होता है। इसलिए कोशिश करें कि आप कम सामान में अपने घर या कमरे को खूबसूरत बनाएं।

## बजट का ख्याल

किराए के अपार्टमेंट या हॉस्टल के कमरे को सजाने के लिए किसी भी सामान को खरीदने से पहले बजट का ख्याल जरूर रखें। एक बात समझ लें कि आपको उस घर में कुछ वक्त के लिए रहना है और उसके बाद जब आप अपने घर वापिस लौटेंगी तो ढेर सारा सामान ले जाना काफी मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा अगर आप ओवर बजट शॉपिंग करती हैं तो आपको अपनी जरूरी चीजों में कटौती करनी पड़ेगी, जो वास्तव में आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

## पर्सनल टच

अगर आप सच में किसी दूसरे के घर को अपना सा बनाना चाहती हैं तो उसमें पर्सनल टच अवश्य दें। आप अपनी फैमिली की एक बड़ी सी फोटो दीवार पर लगा सकती हैं। इससे आपके अपने दूर होकर भी आपके करीब रहेंगे और सिर्फ एक फोटो से पूरा कमरा ही बदल जाएगा।



# बच्चा खाने-पीने में टालमटौल तो नहीं करता


वह समय बीत चुका है, जब पैरेन्ट अपने बच्चों को तोता–मैना की कहानी सुनाते हुए उन्हें खाना खिलाते थे। अब न तो उनके पास उन्हें कहानी सुनाने का टाइम है और न ही ढंग से खाना खिलाने का। वैसे आजकल बच्चे प्राय : खाने–पीने के मामले में बेहद चूजी होते जा रहे हैं। खाने को लेकर ये हमेशा नाक–भौं सिकोड़ते हैं। हालांकि यह आदत 2 से 10 साल तक के किशोर उम्र तक के बच्चों को ही रहती है। अगर ये आदतें आपके बच्चों में भी हैं तो पैरेन्ट्स होने के नाते आप सावधान हो जाएं! एक ताजा शोध के अनुसार बच्चों की इस आदत की वजह से उन्हें पेडिएट्रिकफीडिंग डिसऑर्डर की बीमारी हो सकती है।

इस बीमारी के कारण बच्चों की खाने–पीने की आदतें बदलने लगती हैं, वे ज्यादा कैलोरी और पोषक तत्व वाले भोजन नहीं लेते, जो शारीरिक विकास के लिए जरूरी हैं। खाने–पीने की यह आदत एक आम बीमारी है, जो बच्चों को अकसर ऐसे माहौल में हो जाती है, जहां उन्हें तरह–तरह की खाने की चीजें मिलती हैं।

हालांकि देखा गया है कि अधिकांश बच्चे बहुत कम खाना खाते हैं या अपनी मनपसंद की चीजें ही खाने में रुचि लेते हैं। जिसकी वजह से वह बिना पोषक तत्व वाले भोजन से ज्यादा कैलोरी लेते हैं। आजकल बच्चे घर में बनी या मार्केट की कुछ निश्चित फास्ट फूड ही लेना पसंद करते हैं, जो टेस्टी तो होते हैं, लेकिन न तो वे पौष्टिक होते हैं और न ही हेल्दी डाइट। जिसकी वजह से बच्चों को शारीरिक विकास के लिए पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाता है।

## मां है जिम्मेदार

बच्चों की इस आदत पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार इस आदत के लिए 80 फीसदी तक बच्चे की मां जिम्मेदार होती है। बच्चों की इस आदत की वजह से उनका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। बच्चों को पुरानी बीमारी लग सकती है। उन्हें मोटापा, खाने–पीने की आदतों में कमी, शरीर में पोषक तत्वों की कमी जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



# अपनाएंगी यह ट्रिक्स तो आपस में नहीं उलझेंगी केबल्स

हम सभी के घर में कई तरह की केबल्स होती हैं। एक ही घर में कई फोन होते हैं और हर फोन के लिए चार्जर होता है। ऐसे में इन चार्जर की केबल्स से लेकर लैपटॉप की केबल और आईपैड आदि की केबल्स घर को काफी मैसी बना देती हैं। इतना ही नहीं, फोन के लिए भी अलग से इयरबड के साथ केबल्स मिलती हैं। ऐसे में जब इन्हें एक साथ रखा जाता है या फिर चार्जिंग की जाती है तो यह केबल्स आपस में उलझ जाती हैं। कुछ लोग इन केबल्स को सुलझाने के लिए इन्हें कभी–कभी जोर से खींचते हैं। ऐसे में इन केबल्स को नुकसान होता है। इतना ही नहीं, इस कारण यह जल्दी खराब हो जाती हैं या टूट जाती हैं, तो फिर आपको फिर से नई केबल्स खरीदनी पड़ती हैं। वहीं, अगर वर्क टेबल पर यह केबल्स आपस में उलझी हुई रखी हों तो इसका विपरीत असर आपके काम पर भी पड़ सकता है। तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी आसान ट्रिक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप इन केबल्स या तारों को बार–बार उलझने से बचा सकते हैं–

## बनाएं चार्जिंग स्टेशन

यह एक सिंपल और बेहतरीन तरीका है अलग–अलग केबल्स को आपस में उलझने से बचाने का। अगर आप चाहें तो घर पर ही पुराने कार्डबोर्ड या फिर लकड़ी की मदद से एक चार्जिंग स्टेशन तैयार कर सकते हैं। यह चार्जिंग स्टेशन ना केवल आपके लैपटॉप से लेकर फोन तक की चार्जिंग को अधिक कन्विनियंट बनाएगा, बल्कि इससे आपकी वर्क टेबल भी अधिक आर्गेनाइज्ड लगेगी। इतना ही नहीं, चूंकि आप हर केबल के लिए एक अलग चार्जिंग प्वाइंट बनाएंगे तो आपको बार–बार चार्जिंग केबल्स ढूंढने में भी मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

## लें बॉक्स का सहारा


अगर आपके घर में तरह–तरह की कई केबल्स हैं और इसलिए आप चाहकर भी उन्हें सही तरह से आर्गेनाइज नहीं कर पाती हैं या फिर वह इधर–उधर पड़ी रहती हैं और ऐसे में आपस में बार–बार उलझ जाती हैं। तो ऐसे में आप किसी पुराने बॉक्स का सहारा लें। आप कार्डबोर्ड की मदद से इसमें अलग–अलग कंपार्टमेंट बनाएं। साथ ही इसे अधिक ब्यूटीफुल लुक देने के लिए आप इस पर कलर कर सकती हैं या फिर कलरफुल शीट को भी पेस्ट किया जा सकता है। इसके बाद आप इन कंपार्टमेंट में मार्किंग करें और इस तरह आप अलग–अलग केबल्स को रबर लगाकर इस बॉक्स में आसानी से रख सकती हैं।

## पेपर रोल का करें इस्तेमाल

अगर आपके पास स्पेस कम है और ऐसे में आप एक बिग साइज बॉक्स का इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं तो पेपर रोल का यूज भी किया जा सकता है। आप केबल्स को फोल्ड करके उस पर रबर लगा दें। इसके बाद पेपर रोल से उसे कवर कर दें। आप चाहें तो पेपर रोल के उपर भी एक रबर लगा सकती हैं। इसी तरह आप सभी केबल्स को रखें। एक छोटी सी ड्राअर में सभी केबल्स को आप आसानी से रख पाएंगी और वह आपस में टैंगल भी नहीं होंगी। (एक प्रोफेशनल की तरह करना है क्लिक तो इन इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का लें सहारा)

## बनाएं कलरफुल केस

अगर आप एक स्मॉल स्पेस में अपनी सभी केबल्स को टैंगल्स होने से बचाना चाहती हैं तो ऐसे में एक कलरफुल केस भी बनाया जा सकता है। यूं तो आपको मार्केट में कॉर्ड आर्गेनाइजर केस आसानी से मिल जाएगा। जिसमें एक साथ कई केबल्स को रखने की सुविधा होती है। लेकिन अगर आप अतिरिक्त पैसे खर्च नहीं करना चाहती हैं तो घर पर भी इसे तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आप किसी पुराने लेदर के कपड़े पर इलास्टिक स्टिच करें। पहले दोनों एंड्स से इलास्टिक को स्टिच करने के बाद एक–एक इंच की दूरी पर स्टिच करती जाएं। इस तरह केबल्स रखने के लिए अलग–अलग सेक्शन तैयार हो जाएंगे।



# कमरों में फैली तारों को छिपाने के लिए अपनाएं यह आसान हैक्स


**किसी भी घर में इलेक्ट्रिसिटी से लेकर पानी की व्यवस्था करने के लिए कई तरह की तारों का इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं, घर में कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का भी इस्तेमाल किया जाता है और उसके वायर भी कमरे में चारों तरफ नजर आते हैं। इनका इस्तेमाल करना घर में बेहद जरूरी होता है, लेकिन एक सच यह भी है कि यह तारें आपके कमरे की खूबसूरती में एक धब्बे की तरह है।**

आप भले ही कमरे को कितना भी खूबसूरती से सजाएं, लेकिन दीवार के चारों ओर तार फैले हुए नजर आते हैं तो यह काफी अजीब लगते हैं और फिर आपके कमरे को वह परफेक्ट लुक नहीं मिल पाता, जो वास्तव में मिलना चाहिए। हालांकि आप अपने घर को वायर–फ्री तो नहीं कर सकतीं, लेकिन फिर भी अगर आप अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करती हैं तो ऐसे में आप उन वायर्स को बेहद ही खूबसूरती से हाइड कर सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको घर में इस्तेमाल होने वाले वायर्स को हाइड करने के कुछ आसान व इनोवेटिव तरीकों के बारे में बता रहे हैं–

## किताबों की लें मदद


अगर आपके टीवी के नीचे टेबल पर वायर नजर आ रही हैं तो इसके लिए आप किताबों की मदद ले सकती हैं। इसके लिए आप टीवी के नीचे की टेबल पर किताबें एक साथ रखें और उसके पीछे वायर हों। टेबल पर रखी किताबें देखने में भी अच्छी लगेंगी और किसी को यह पता भी नहीं चलेगा कि उसके पीछे वायर हैं। बेडरूम की दीवारों को सजाएं रोमांटिक अंदाज में

## बनाएं कवर



अगर आप अपने कमरे में मौजूद वायर को आसानी से छिपाना चाहती हैं, साथ ही अपने कमरे की खूबसूरती को बढ़ाना चाहती हैं तो इसके लिए आप वायर्स के लिए कवर बनाएं। मसलन, आप एक बुक को बीच में से खाली करें और उसके उपरी कवर को वायर का कवर बनाएं। इसी तरह आप गिफ्ट बॉक्स को भी बतौर वायर कवर इस्तेमाल कर सकती हैं। इस साल ये 7 इंटीरियर्स डिजाइन आपके घर को देंगे एक क्लासिक लुक

## दें खूबसूरत लुक



सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन अगर आप अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करती हैं तो कमरे में मौजूद वायर्स को ही रूम डेकोर का हिस्सा बना सकती हैं। इसके लिए आप पहले वायर्स को दीवार पर केबल वायर नेल्स की मदद से सिक्योर करें। इसके बाद आप हर केबल वायर नेल्स के साथ कोई भी खूबसूरत ड्राइंग बनाएं। आप दीवार पर पक्षी से लेकर खूबसूरत पत्तियां आदि बना सकती हैं।

## स्मार्टली करें कवर

भले ही आपके कमरे में कितने भी वायर हों, आप उन्हें बेहद स्मार्ट तरीके से आसानी से कवर कर सकती हैं। मसलन, आप आईसक्रीम स्टिक या लकड़ी की मदद से टेबल के कोनों में एक कवर बना सकती हैं। यह देखने में भी अच्छा लगता है और इसके पीछे वायर्स को आसानी से रखा जा सकता है। इसी तरह अगर आप मल्टीप्लग का इस्तेमाल कर रही हैं तो उसके साइज के अनुसार उसके लिए एक कवर बनाएं। अब आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



**स्मार्टफोन को तो सभी क्लीन रखते हैं, लेकिन क्या आप ने ईयरफोन के वायर पर मौजूद गंदगी को साफ किया। अगर नहीं तो यहां बताई गई तरीको को जरूर आजमाएं।**

रोजाना इस्तेमाल होने वाली ऐसी कई चीजें हैं, जो गंदी हो जाने के बावजूद भी हम उसका इस्तेमाल करते रहते हैं। हालांकि, आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में छोटी–छोटी चीजों का ख्याल लोग नहीं रख पाते हैं।

जैसे ईयरफोन, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर लोग रोजाना करते हैं। गाना सुनना हो या फिर बात करनी हो, इसकी जरूरत हमेशा पड़ती है। यही नहीं कई लोग इसे एक–दूसरे से एक्सचेंज भी करते हैं, जो कि पर्सनल हाइजीन के लिए बिल्कुल सही नहीं है। कुछ लोग ईयरफोन के रखरखाव का खास ख्याल नहीं रखते हैं। कुछ लोग इसे मोड़कर कहीं भी रख देते हैं, जिसकी वजह से धूल–मिट्टी चिपक जाती है। गंदा वायर और ईयरफोन देखने में अच्छे नहीं लगते हैं और पर्सनल हाइजीन के लिए भी सही नहीं है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कुछ तरीके जिसकी मदद से आप वायर के साथ ईयरफोन को भी अच्छी तरीके से क्लीन कर सकती हैं।

# गंदा हो गया है ईयरफोन का वायर तो उसे ऐसे करें क्लीन

## ईयरफोन के वायर को ऐसे करें क्लीन

सबसे पहले इयरफोन वायर को क्लीन करने की आवश्यकता है। ध्यान रखें कि वायर को पानी में नहीं डालना है बल्कि एक कपड़े की मदद से पोंछते हुए इसे साफ करेंगे। इसके लिए एक बाउल में पानी लें और उसमें डिशवॉश लिक्विड और विनेगर (विनेगर का इस्तेमाल) मिक्स कर दें। अब इन तीनों ही चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर घोल तैयार करें। अब एक कपड़ा लें और उसे मिश्रण में डिप करें और ईयरफोन के वायर को पोंछें। ध्यान रखें कि एक बार पोंछने के बाद कपड़े के दूसरे साइड से इसे दोबारा पोंछें। इस दौरान पानी की एक भी बूंद ना स्पीकर और ना ही बड्स पर गिरनी चाहिए, वरना ईयर फोन खराब हो सकता है।

## ईयरफोन बड्स को क्लीन करने का तरीका

बड्स की क्लीनिंग पानी या फिर किसी भी तरह के लिक्विड से नहीं की जा सकती है। एक बूंद भी अंदर जाने के बाद बड्स पूरी तरह से खराब हो सकते हैं। इसके लिए ईयरबड्स लें और उसकी मदद से सफाई करें। इसके अलावा ऊपर वाले हिस्से को कपड़े से पोंछ दें। बड्स को क्लीन करते वक्त आप चाहें तो नेल पेंट रिमूवर (नेल पेंट रिमूवर का इस्तेमाल) या फिर रबिंग अल्कोहल का इस्तेमाल कर सकती हैं। हालांकि आप ईयरबड्स की मदद से ही नेल पेंट रिमूवर और रबिंग अल्कोहल का इस्तेमाल करें।

## हेडफोन या फिर ब्लूटूथ के वायर की सफाई

हेडफोन, ब्लूटूथ या फिर अन्य कोई वायर वाले गैजेट्स हैं, तो उन्हें हफ्ते में एक बार जरूर क्लीन करें। अगर आप इसे पानी या फिर अन्य लिक्विड वॉश से क्लीन नहीं करना चाहती हैं तो सिर्फ पेट्रोल की मदद से भी इसे क्लीन किया जा सकता है। इसके लिए आप एक कपड़े में 5 से 6 बूंद पेट्रोल डालें और उसकी मदद से वायर को साफ कर दें। इयरफोन वायर और अन्य वायर वाले गैजेट्स को साफ करने का यह सबसे आसान और बेस्ट तरीका है।




# कई घरेलू समस्याओं के लिए एक समाधान सिलिका जेल

अगर आपने ध्यान दिया होगा तो, आप जब भी नए बैग्स, जूते, पर्स या कपड़ा खरीदते हैं, तो उसमें आपको एक छोटा सा पैकेट जरूरत मिलता होगा। उस पैकेट को 'सिलिका जेल' कहा जाता है। अक्सर इस पैकेट को बेकार समझ के लगभग हर कोई फेंक देता है, लेकिन क्या आपने कभी इस बात पर गौर किया है कि आखिर इन सामानों में इस पैकेट को क्यूं रखा जाता है और इसका अन्य कामों में किस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है।

अगर आप भी सिलिका जेल के फायदों के बार में जान जाएंगे तो आज के बाद से उसे फेंकने से पहले कई बार सोचेंगे, क्यूंकि आज इस लेख में हम आपको सिलिका जेल के उपयोगों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप कई घरेलू समस्याओं को चुटकियों में दूर कर सकते हैं–

## कपड़ों को रखता है सुरक्षित

ठण्ड के मौसम में अक्सर कपड़ों में नमी हो जाती है और कई बार कपड़ों से बदबू भी आने लगती है। ऐसे में सिलिका जेल बहुत ही उपयोगी हो जाता है। आपको बात दें कि सिलिका जेल कपड़ों में मौजूद मॉइश्चराइजर को दूर रखता है और आपके कपड़े में होने वाली नमी और बदबू से भी दूर रखता है। आप जहां भी कपड़े रखते हैं वहां इस पैकेट को रख दीजिए, इससे आपका कपड़ा हमेशा फ्रेश रहेगा।

## मेकअप बैग में भी रखें

महिलाएं भी इसको मेकअप बैग में रख सकती हैं। कई बार मेकअप रखे–रखे बैग में चिपचिपाहट होने लगता है, और कई बार मकेअप प्रोडक्ट्स भी खराब हो जाते हैं। ऐसे में इस समस्या को दूर करने के लिए सिलिका जेल का इस्तेमाल कर सकती है। इसके उपयोग से मेकअप बैग के साथ–साथ आपका मेकअप सामान भी सुरक्षित रहेगा।


## किताबों का रखता है ख्याल

अमूमन हम कई महीनों तक किताब को हाथ तक भी नहीं लगाते हैं और वो वहीं के वहीं रखे रहते हैं। कई महीनों तक रखे–रखे इन बुक्स में पीलापन नजर आने लगता है। इस पीलेपन को दूर करने के लिए आप सिलिका जेल को रख सकते हैं।

बुक्स के साथ–साथ आप महत्वपूर्ण डाक्यूमेंट्स जैसे पासपोर्ट, बर्थ सर्टिफिकेट, गाड़ी या घर के पेपर आदि स्थानों पर भी इस जेल को रख सकते हैं।

## सार समाचार

### सचिन पायलट का बड़ा आरोप, देशवासियों को ठग रही है भाजपा



जयपुर। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने घरेलू रसोई गैस की कीमत में फिर बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशवासियों को ठगने का काम कर रही है। पायलट ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की खबर आने के बाद ट्वीट किया, 'केंद्र सरकार के कुशासन में हर सुबह नई कठिनाइयां लेकर आती है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर 1000 रुपये के पार पहुंचा दिए गए हैं, जो लोगों विशेषकर गरीब व मध्यम वर्ग के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।' उन्होंने यह भी ट्वीट किया कि आमदनी व बचत पर महंगाई का ग्रहण लगाकर भाजपा देशवासियों को ठगने का काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने शनिवार को नई दिल्ली में कहा कि केंद्र सरकार को घरेलू रसोई गैस की कीमत में की गई बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए और सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम को साल 2014 के समय रही कीमत के बराबर लाना चाहिए।

### जनता की बिजली सब्सिडी छीन रहे मगर दिल्ली में विधायकों के वेतन में भारी वृद्धि, 54000 से बढ़कर हुआ 90000

नयी दिल्ली। दिल्ली के विधायक जल्द ही वेतन और भत्ते के रूप में 90,000 रुपये प्रति माह प्राप्त करेंगे क्योंकि केंद्र सरकार ने वेतन को मौजूदा 54,000 रुपये से बढ़ाने के अरविंद केजरीवाल सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आम आदमी पार्टी (आप) ने यह जानकारी दी। आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी करीब सात साल बाद मिली है। उन्होंने बताया विधायकों को संशोधित वेतन और भत्ते तभी मिलेंगे जब मामले को दिल्ली विधानसभा की मंजूरी मिलेगी तथा इस मामले में राज्य सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इसे दिल्ली विधानसभा के समक्ष रखा जाएगा। यह प्रस्ताव केंद्र के समक्ष सात साल से लंबित था। दिल्ली के विधायकों को देश में सबसे कम वेतन मिल रहा है।' भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान में, दिल्ली में विधायकों को कुल मिलाकर 54,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं जिनमें 12,000 रुपये वेतन के रूप में और शेष विभिन्न भत्ते के तौर पर। उन्होंने कहा, 'संशोधन के बाद मासिक वेतन 30,000 रुपये होगा। भत्तों के साथ यह 90,000 रुपये प्रति माह होगा।'

### आर्थिक तंगी से परेशान महिला ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाया

नई दिल्ली। आर्थिक तंगी के चलते महिला ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी को हनीट्रैप में फंसा लिया। यही नहीं उस पर दबाव बनाने के लिए फर्जी पति भी पीड़ित के सामने खड़ा कर दिया। महिला ने दिल्ली जल बोर्ड के अफसर को हनीट्रैप में फंसाया और वीडियो बना लिया। दुष्कर्म के केस में फंसाने और बनाई गई वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे। 15 लाख रुपये में पीछा छोड़ने के लिए कहा। इस पर पीड़ित ने 3 लाख रुपये दे दिए। 12 लाख रुपये नहीं दिए तो महिला ने पुलिस में तहरीर दी। पुलिस जांच में मामला हनीट्रैप का निकला। बीटा-2 थाना पुलिस ने मिस कॉल के जरिये हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मास्टरमाइंड समेत फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी विशाल पाण्डेय ने बताया कि बीते 10 मार्च को ग्राम वैना थाना टप्पल अलीगढ़ निवासी नीरज देवी उर्फ रिया उर्फ नैना चौधरी पत्नी सतीश ने उच्चाधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि खुर्जा निवासी दिल्ली जल बोर्ड में एक अधिकारी ने उनके साथ बलात्कार किया है। इसकी जांच थाना बीटा-2 पुलिस ने की। बीटा-2 थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि जांच में पता चला कि नीरज देवी को पैसों की जरूरत थी। इस पर उसने उसके जानने वाले देवेंद्र के साथ मिलकर आपराधिक षड़यंत्र रचा। आरोपी महिला ने बीते आठ फरवरी को पीड़ित जल बोर्ड के अफसर को परी चौक पर बुलाया। महिला उसकी कार में बैठकर वृंदावन-मथुरा घूमकर रात के 10 बजे ग्रेटर नोएडा लौट आई। थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि पीड़ित ने 2 लाख रुपये नगद और 85000 रुपये एटीएम व पेटीएम से दे दिए। बचे हुए 12 लाख रुपये की मांग लगातार महिला व उसके साथी देवेंद्र, प्रशांत, भारत, मिंटू व पांचाल एडवोकेट लगातार कर रहे थे। पीड़ित को बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे। जांच के बाद बीटा-2 पुलिस ने पीड़ित की तरफ से मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी महिला नीरज उर्फ रिया उर्फ नैना चौधरी, भारत चौधरी भरत पुत्र बलवीर निवासी ग्राम गोविंदगढ़ थाना जेवर व प्रशांत चौधरी थाना रबुपुरा को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 50 हजार रुपये मिले हैं। शेष रुपये अन्य साथियों में बांटना व खर्च करना बताया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि पीड़ित की होटल में बनाई वीडियो देवेंद्र के मोबाइल फोन में ही सेव है। यह वीडियो सभी आरोपी वायरल करने की लगातार धमकी दे रहे थे। मास्टरमाइंड देवेंद्र चौधरी समेत अन्य तीन व्यक्ति फरार चल रहे हैं। पुलिस को मास्टरमाइंड ग्राम खडे थाना टप्पल जिला अलीगढ़ निवासी देवेंद्र, मिंटू, पांचाल एडवोकेट व एक अन्य महिला की तलाश है। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### संजय राउत बोले- देश में महंगाई बड़ी समस्या, प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री कुछ बोलने को तैयार नहीं

नई दिल्ली । शिवसेना नेता संजय राउत ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। संजय राउत ने बताया कि देश में इस वक्त महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। लेकिन सत्ताधारी पार्टी के लोग इस पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक संजय राउत ने कहा कि देश की बड़ी समस्या महंगाई है लेकिन सत्ताधारी पार्टी के प्रमुक नेता प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री इस पर नहीं बोल रहे। उनके मुद्दे महाराष्ट्र और पंजाब पुलिस है। सिलेंडर के दाम, बेराजगारी कितनी बढ़ गई। यूक्रेन-रूस अपना देख लेंगे उस पर बात करने की जरूरत नहीं है। आपको बता दें कि आज ही आम जनता को शनिवार की सुबह महंगाई का एक और झटका लगा है। घरेलू तरल पेट्रोलियम गैस यानि की एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि की गई है। दाम बढ़ने के बाद घरेलू एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 999 .50 रुपये में बिकेगी। बता दें कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमत शनिवार से ही पूरे देश में लागू हो गई हैं। दूसरी ओर महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद के बाद से राजनीतिक वार पलटवार का दौर जारी है। इन सबके बीच से इस मुद्दे को लेकर भी संजय राउत ने बड़ा बयान दिया है।

# भारत की प्रजनन दर घटकर 2 हुई, पर पांच प्रदेशों में अब भी अधिक जन्म ले रहे बच्चे

नई दिल्ली (एजेंसी)

भारत की जनसंख्या में कमी दर्ज की गई है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस) की ताजा रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार 2.2 फीसदी से घटकर 2 फीसदी रह गई है। सर्वे में 35 फीसदी पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक अपनाना महिलाओं का काम है। वहीं, 19.6 फीसदी पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक का उपयोग करने वाली महिलाएं 'स्वच्छंद' हो सकती हैं। सर्वे में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों के 707 जिलों से करीब 6.37 लाख सैंपल लिए गए। रिपोर्ट कहती है कि चंडीगढ़ में सबसे अधिक 69 फीसदी पुरुषों का मानना है कि गर्भनिरोधक अपनाना महिलाओं का काम है और पुरुषों को इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। केरल में सर्वेक्षण में शामिल 44.1 प्रतिशत पुरुषों के अनुसार गर्भनिरोधक का उपयोग करने वाली महिलाएं 'स्वच्छंद' हो सकती हैं। सर्वे में 55.2 फीसदी पुरुषों का कहना है कि अगर कॉन्डम सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो यह ज्यादातर मामलों गर्भधारण से बचाता है। केवल 5 राज्य ऐसे हैं जहां प्रजनन दर 2.1 फीसदी से ज्यादा है। ये हैं- बिहार, मेघालय, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मणिपुर। शुक्रवार को मंत्रालय ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस-5) जारी किया। इसके अनुसार, यह भी पता चला है कि गर्भनिरोधकों को लेकर देश में जागरूकता का स्तर लगभग एक समान है। 99 फीसदी शादीशुदा महिलाओं और पुरुषों को गर्भनिरोध का कम से कम एक आधुनिक तरीका पता था। यह बात दीगर है कि उनमें से केवल 54.6 फीसदी ने ही उनका इस्तेमाल किया। नौकरी करने वाली ज्यादातर महिलाएं कॉन्ट्रासेप्शन यूज करने में यकीन रखते हैं। सर्वे में शामिल 66.3 फीसदी महिलाओं ने कहा कि उन्होंने आधुनिक गर्भनिरोधक इस्तेमाल किए हैं बेरोजगार महिलाओं में यह आंकड़ा 53.4 फीसदी रहा। परिवार नियोजन की जरूरत आर्थिक रूप से सबसे पिछड़े तबके में सबसे ज्यादा (11.4 फीसदी) और सबसे रईस तबके में सबसे कम (8.6 फीसदी) है। स्टडी के अनुसार, जैसे-जैसे आय बढ़ती है, गर्भनिरोधकों का इस्तेमाल बढ़ता जाता है। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पूनम मुतरेजा ने कहा, 'यह डेटा साबित करता है कि विकास ही सबसे अच्छा गर्भनिरोधक है।' उन्होंने कहा कि 'एनएफएचएस-5 के डेटा में खुश होने को बहुत कुछ है लेकिन हमारा फोकस उस पर होना चाहिए जो हम हासिल नहीं कर सके हैं। हमें समाज के शोषित हिस्से के लिए और काम करना होगा, जिन्हें शायद वर्ग, पहचान या भूगोल की वजह से अधिकार नहीं मिल पा रहे हों।' सर्वे में पता चला कि राष्ट्रीय स्तर पर मोटापा बढ़कर 24 फीसदी हो गया है। बढ़ते मोटापे के पीछे विलासिता भरी जिंदगी को प्रमुख वजह बताया गया है।



उत्कर्ष महोत्सव में बोले जेपी नड्डा

# हम संस्कृति के रक्षक, जहां संस्कृत होगी, वहां हमारी विचारधारा होगी

नई दिल्ली । (एजेंसी)




नई दिल्ली के डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 'उत्कर्ष महोत्सव' में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और स्वास्थ्य नीति, दोनों ही भारत की जड़ों से जुड़ी हुई हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भाषा का विशेष ध्यान रखा गया है। संस्कृत के बारे में इसमें चिंता की गई और चर्चा को आगे बढ़ाया गया है। नई शिक्षा नीति को भारतीय परिवेश को ध्यान में रखकर ही बनाया गया है। संस्स्कृत के केंद्रीय विश्वविद्यालय पहले की सरकार में क्यों नहीं बने? आज ही क्यों केंद्रीय विश्वविद्यालय बन रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने राजनीतिक दृष्टि से न सोचते हुए तीनों विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया। प्रधानमंत्री जी की नीयत साफ है, इसलिए नीति भी स्पष्ट है। नड्डा ने कहा कि हम संस्कृति के रक्षक हैं और संस्कृति को आगे बढ़ाने की दृष्टि से कार्य कर रहे हैं। इसलिए जहां संस्कृत होगी, वहां हमारी विचारधारा होगी। भारतीय परंपरा, भारतीय संस्कृति, भारतीय उल्लेखों को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री जी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दुनिया में भारत का जो कोई मुकाबला नहीं है, उसका मूल कारण हमारी संस्कृति ही है। कई देश अगर मानवता की दृष्टि से काम करने का सोच सकते हैं तो ये प्राथमिक स्तर पर ही है। लेकिन भारत में ये बहुत विकसित है। हमारी ये जो ताकत है, वो हमारी संस्कृति से ही आती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में कहा कि संस्कृत को किस तरीके से आगे बढ़ाया जाए, इसे जनता तक कैसे पहुंचाया जाए इसके लिए आप कार्य कर रहे हैं और इसे आप आगे बढ़ाएंगे। ज्ञान, विज्ञान, अर्थ, गणित सभी की उत्पत्ति का बीज संस्कृत ही है। संस्कृत सिर्फ भाषा ही नहीं है, बल्कि विभिन्न आयामों को आगे बढ़ाने का रास्ता भी है। हमारे पुरातन ज्ञान को संजोकर रखने वाली भाषा भी संस्कृत है।

# सीमाओं की रक्षा करने वालों को सुविधाएं मुहैया कराना सर्वोच्च प्राथमिकता: राजनाथ

नयी दिल्ली। (एजेंसी)



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा करने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करना सरकार की व्यापक रक्षा रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। सिंह ने कहा, 'हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता उन लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना है जो हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं, जो इस देश की सीमा के पहरेदार हैं।'

रक्षा मंत्री ने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बीआरओ की भी सराहना की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का उदाहरण देते हुए सिंह ने कहा कि यह अब देश के समग्र विकास के लिए 'नया प्रवेश द्वार' बन गया है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता की यात्रा में सड़कों का बहुत महत्व रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, खाद्यान्न आपूर्ति, सेना की सामरिक जरूरतें, उद्योग और सामाजिक-आर्थिक प्रगति से जुड़े अन्य कार्यों को पूरा करने में सड़कों और पुलों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

# ओवैसी ने राहुल को दी हैदराबाद और मेदक से चुनावी मैदान में उतरने की चुनौती, बोले- वायनाड से भी हारोगे चुनाव

नई दिल्ली (एजेंसी)



हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं कह रहा हूं कि राहुल गांधी वायनाड से भी लोकसभा चुनाव हारेंगे। दरअसल, साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने अमेठी और वायनाड से चुनाव लड़ा था और उन्हें गांधी परिवार की पारंपरिक सीट अमेठी से करारी हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव जीत गए थे।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने राहुल गांधी से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि मैं कह रहा हूं कि अब आप वायनाड से भी हारेंगे। आओ हैदराबाद से चुनाव लड़ें और अपनी किस्मत आजमाओ। इसके अलावा उन्होंने राहुल गांधी को मेदक से भी चुनाव लड़ने की चुनौती दी है।

**टीआरएस के साथ गठबंधन नहीं करेगी कांग्रेस**

तेलंगाना में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों ने तेलंगाना का दौरा करना शुरू कर दिया है और वहां के लिए रणनीतियां भी तैयार कर रहे हैं। इसी बीच राहुल गांधी ने वारंगल में स्पष्ट किया कि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के साथ किसी भी तरह का कोई गठबंधन नहीं हो सकता है और कांग्रेस के जो भी नेता टीआरएस के साथ गठबंधन चाहते हैं वे टीआरएस या भाजपा में शामिल हो जाएं तथा अब आगे किसी ने भी केसीआर की पार्टी के साथ समझौते की पैरवी की तो उसे पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए साफ कर दिया था कि वो टीआरएस, भाजपा और असदुद्दीन ओवैसी को चुनौती देने के लिए यहां आए हैं। आपको बता दें कि कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले वारगंल में पार्टी को पिछले चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था। जबकि पिछले चुनाव से पहले कांग्रेस ने 8 बार यहां पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी। ऐसे में एक बार फिर से कांग्रेस अपने किले को मजबूत करने की कोशिशों में जुट गई है।

# क्या खिचड़ी पका रहे किसान ? राकेश टिकैत समेत कई किसान नेताओं ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से की मुलाकात

नई दिल्ली (एजेंसी)



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत कई किसान नेताओं ने मुलाकात की। आपको बता दें कि कांग्रेस ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चिंतिन शिविर के लिए गठिन किसान एवं कृषि समिति का संयोजक बनाया था और इस शिविर से पहले कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक होने वाली है, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हो सकती है। ऐसे में किसान नेताओं ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर चर्चा की।

**एमएसपी पर बने गारंटी कानून**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, राकेश टिकैत समेत तमाम किसान नेताओं ने एमएसपी पर गारंटी कानून को लेकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ विस्तृत चर्चा की। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, कांग्रेस नेता ने कहा कि एमएसपी से कम फसल को कोई भी खरीदता है तो उसके लिए सजा का प्रावधान होना चाहिए। एमएसपी की गारंटी मिले। इसके अलावा भी कई मुद्दे हैं। देशभर से कई राज्यों से किसान नेता यहां मुलाकात के लिए आए और अपने सुझाव दिए।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों की मांग है कि एमएसपी गारंटी कानून के तहत सरकार या फिर कोई निजी संस्था फसलों की खरीद करे और एमएसपी से कम कीमत पर किसी भी खरीदारी पर रोक लगनी चाहिए। इसके अलावा किसानों ने कहा कि सरकार की आयात-निर्यात नीति से उन्हें नुकसान नहीं होना चाहिए।

**उदयपुर में होगा चिंतन शिविर**

कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर उदयपुर में आयोजित होगा। जिसमें देश भर के पार्टी नेता आंतरिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाधान सुझाएंगे। यह शिविर 13 से 15 मई तक चलेगा और इसमें पार्टी के करीब 400 शीर्ष नेताओं के शामिल होने की संभावना है, जो अलग-अलग मुद्दों पर अपनी राय रखेंगे और फिर साझा रणनीति बनाकर पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ सत्तारूढ़ भाजपा को घेरने की कोशिश करेंगे।

गौरतलब है कि केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन 378 दिनों तक चला था। इस दौरान किसानों ने दिल्ली की अलग-अलग सीमाओं पर धरना दिया था। हालांकि 11 दिसंबर, 2021 को राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया और फिर उसे संसद के रास्ते वापस ले लिया गया था। इस दौरान किसानों को आश्वासन दिया गया कि एमएसपी को लेकर कमेटी का गठन किया जाएगा।

# नियत समय से 10 दिन पहले मानसून की आहट, 21 मई तक केरल तट से टकाराने की संभावना

नयी दिल्ली। (एजेंसी)

भीषण गर्मी से जूझ रहे देशवासियों के लिए सुखद खबर आ रही है। केरल में मानसून 20 मई के बाद किसी भी वक्त आ सकता है, जो इस बार अपने समय से करीब 10 दिन पहले दस्तक देगा। केरल में मानसून का आगमन सामान्यतः 1 जून के आसपास होता है। आईएमडी ने इस आशय के संकेत पुणे स्थित आईआईटीएम में विकसित मल्टी-मॉडल एक्सटेंडेड रेंज प्रेडिक्शन सिस्टम (एमएमईआरपीएस) का उपयोग करके अपने नवीनतम एक्सटेंडेड रेंज फोरकास्ट (ईआरएफ) के जरिए दिए हैं।

आईआईटीएम के एक विशेषज्ञ के मुताबिक, '1 मई से 5 जून के लिए 4 सप्ताह की विस्तारित सीमा के पूवार्नुमान के अनुसार, केरल में मानसून की शुरूआत 20 मई के बाद कभी भी हो सकती है। 28 अप्रैल को जारी पिछले ईआरएफ में भी 19-25 मई की अवधि में केरल में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। यदि ईआरएफ अगले सप्ताह भी 20 मई के बाद केरल में इसी तरह की स्थिति दिखाता है, तो निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इस तटीय राज्य में मानसून की शुरूआत समय से पहले होगी।'

भारत मौसम विभाग का नवीनतम ईआरएफ मई 5-11 (सप्ताह1), मई 12-18 (सप्ताह 2), मई 19-25 (सप्ताह 3) और मई 26-जून 1 (सप्ताह 4) के लिए है। आईआईटीएम के विशेषज्ञ के मुताबिक, अभी के लिए, केरल में मानसून के जल्द शुरूआत के संकेत दिखाई दे रहे हैं। पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान बनने जा रहा है। इससे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर मानसून के प्रवाह को मजबूत करने में मदद मिलने की संभावना है। नवीनतम ईआरएफ के अनुसार, इस वेदर सिस्टम से तीसरे सप्ताह के आसपास मानसून के प्रवाह में बाधा पड़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि तब तक यह अपना प्रभाव खो चुका होगा।'


मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंसेज के पूर्व सचिव डॉ. एम राजीवन के मुताबिक, 'ईआरएफ की सटीकता तीसरे और चौथे सप्ताह में कम हो जाती है, लेकिन यह अब भी इंगित करता है कि एक बार जब चक्रवात भारतीय मुख्य भूमि से दूर चला जाता है, तो वह मानसून की गति बढ़ा सकता है और इसकी धारा धीरे-धीरे केरल तक पहुंच सकती है। इस प्रकार प्रारंभिक संकेत दिखाते हैं कि केरल में मानसून की शुरूआत सामान्य तिथि 1 जून से थोड़ी पहले हो सकती है।' एक मीडिया रिपोर्ट में केरल सरकार के इंस्टीट्यूट ऑफ क्लाइमेट चेंज स्टडीज के निदेशक डीएस पई के हवाले से लिखा है, 'प्री मानसून रेनफॉल पीक (पीएमआरपी) इस साल की शुरूआत में हुआ था, जबकि वसंत का मौसम भी समय से थोड़ा पहले आ गया था।'


डीएस पई के मुताबिक मानसून के केरल में जल्दी आने के मामूली संकेत दिख रहे हैं। लेकिन साथ ही यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि अगले 15 दिनों के दौरान तस्वीर कैसे सामने आती है, खासकर बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठने वाले चक्रवाती तूफान के बाद। पई ने कहा कि सटीक स्थिति मई के मध्य तक स्पष्ट हो जाएगी, जब आईएमडी आमतौर पर केरल में मानसून की शुरूआत का पूवार्नुमान जारी करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग, यूके में शोधकर्ता और स्वतंत्र मौसम विज्ञानी अक्षय देवरस ने को बताया कि आम तौर पर, मानसून 15-16 मई तक दक्षिण अंडमान सागर में प्रवेश करता है और 22 मई तक, यह पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को कवर करता है।



अक्षय देवरस के मुताबिक, 'चक्रवाती तूफान द्वीपों पर मानसूनी हवाओं को स्थापित करने में मदद कर सकता है, जिससे चीजों को गति मिल सकती है। जबकि द्वीपों पर मानसून की शुरूआत भी समय पर हो सकती है, इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि यह समय से पहले (लगभग 15-16 मई) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से टकराए। उन्होंने कहा कि शुरूआती रुझानों के अनुसार केरल में मानसून समय से पहले दस्तक दे सकता है।' ईआरएफ ने यह भी दिखाया कि मई के मध्य के आसपास, उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति का अनुभव हो सकता है।








# केआरके के निशाने पर अक्षय कुमार-शाहरुख खान

एक्टर और क्रिटिक कमाल आर खान अक्सर अपने ट्वीट्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहते है. केआरके जब भी कोई ट्वीट करते है उसे लेकर वो ट्रोल हो जाते है. एक्टर फिल्मों के रिव्यू भी देने से पीछे नहीं हटते. इस बार उन्होंने लेटेस्ट ट्वीट से शाहरुख-अक्षय, कोहली-धोनी को निशाने पर लिया है. उनका ये ट्वीट तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. केआरके वैसे तो अबतक कई स्टार्स पर निशाना साध चुके है. इस बार तो उन्होंने क्रिकेटर्स को भी नहीं छोड़ा. उन्होंने लिखा, सबका धंधा बढ़िया चल रहा है! अक्षय अजय शाहरुख रणवीर गुटखा बेच रहे है! धोनी विराट युवराज ऑनलाइन सट्टा खिलवा रहे है! और रही सही कसर दीपीका आलिया और प्रियंका ने दारू बेच कर पूरी कर दी. वहीं, हाल ही में अजय देवगन और अमिताभ बच्चन की फिल्म रनवे 34 रिलीज हुई है. हालांकि फिल्म को मिला- जुला रिस्पांस मिला है. ओपनिंग डे पर भी फिल्म ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई. इस फिल्म को लेकर केआरके ने अपना रिव्यू दिया था. उन्होंने लिखा था, फिल्म एक टॉप क्लास टॉर्चर है. पूरी फिल्म 2 सीन में बनी है. पहला आधा विमान के कॉकपिट में है और दूसरा आधा कोर्ट में है. कोई संगीत नहीं, कोई एक्शन नहीं और कोई मनोरंजन नहीं. यह पैसे, समय और ऊर्जा की बर्बादी है.

# काम और परिवार में संतुलन बनाना चाहती हूं-अनुष्का

रविवार को अपने 34वें जन्मदिन पर, अभिनेत्री-निर्माता अनुष्का शर्मा ने बताया कि कैसे वह हिंदी फिल्म उद्योग द्वारा पेश की जाने वाली सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट का हिस्सा बनने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। अनुष्का कहती हैं कि मैं हमेशा सबसे अच्छी स्क्रिप्ट का हिस्सा बनना चाहती हूं जो मेरे रास्ते में आती है। मैं खुद को धन्य महसूस करती हूं कि मैं आज जिस तरह की फिल्में करना चाहती हूं, उसका चयन करने की स्थिति में हूं, जो मेरे बच्चे से अलग बिताए गए समय को जस्फिाई करे। मैंने हमेशा जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है, और मेरी प्राथमिकता अब भी वहीं है। मैं अपने काम और अपने पारिवारिक जीवन पर समान रूप से ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। अभिनेत्री का कहना है कि उनका ध्यान फिल्मों की गुणवत्ता पर है। मैं हमेशा इन विशेष पटकथाओं की तलाश में रहती हूं जो मुझे खुशी से भर दें। मैं हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट करने के लिए तैयार रहूंगी जो अविश्वसनीय रूप से दिलचस्प हों, सिनेमा में महिलाओं का सही ढंग से प्रतिनिधित्व करते हों और विघटनकारी और सामग्री से आगे भी हों। अनुष्का अगली बार चकदा एक्सप्रेस में दिखाई देंगी, यह फिल्म भारत की तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की प्रेरणादायक यात्रा बताती है।





# इस वजह से अक्षय कुमार को नहीं मिली भूल भुलैया 2 में जगह

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म भूल भुलैया को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। वहीं अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट भूल भुलैया 2 रिलीज होने जा रहा है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी मुख्य किरदार में हैं। हाल ही में भूल भुलैया 2 को लेकर फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी ने कई खुलासे किए है। फिल्म भूल भुलैया 2 को लेकर फैंस की एक शिकायत थी कि फर्स्ट पार्ट की तरह इसमें अक्षय कुमार और विद्या बालन की जोड़ी क्यूं नहीं है? इस सवाल का जवाब देते हुए अनीस बज्मी कहा कि वह फिल्म भूल भुलैया 2 में साइकोलॉजिकल थ्रिलर को छोड़ना चाहते थे। उन्होंने कहा कि उनकी पिछली फिल्म भूल भुलैया में अक्षय कुमार एक मनोवैज्ञानिक के रूप में थे। जिसे हवेली में हो रही भूतिया हरकतों का पता लगाने का काम सौंपा गया था। अनीस बज्मी ने कहा कि वह इस फिल्म में चीजों को बदलना चाहते थे। उन्होंने कहा कि ये फिल्म पूरी तरीके से हॉरर कॉमेडी है। अनीस बज्मी ने बताया कि इस फिल्म में आपको पहले वाली भूल भुलैया की झलक दिखती रहेगी, लेकिन आप एक नई फिल्म देख रहे होंगे। बता दें कि फिल्म भूल भुलैया, मलयालम फिल्म मणिचित्रथजु की रीमेक है। बता दें कि फिल्म भूल भुलैया 2 साल 2007 में आई अक्षय कुमार और विद्या बालन की फिल्म 'भूल भुलैया' का रीमेक है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, कियारा अडवाणी, तब्बू समेत कई सितारें नजर आएंगे। भूल भुलैया 2 सिनेमाघरों में 20 मई को रिलीज होगी।



# शादी के लिए पूरी तरह तैयार थे सलमान खान कार्ड भी छप गए लेकिन फिर लिया ये फैसला

सुपरस्टार सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फिर एक बार उनकी शादी की चर्चाएं होने लगी हैं। सलमान खान इस वीडियो में जैकलीन फर्नांडिस के साथ नजर आ रहे हैं और वहां बैठे बच्चों के साथ काफी दिलचस्पी लेकर बातें करते दिख रहे हैं। सलमान खान की बच्चों के साथ ट्यूनिंग इतनी अच्छी है कि उन्हें बच्चों से बात करते देखकर फैंस को हमेशा ही लगता है कि वह कब शादी करेंगे?

**-शादी के लिए पूरी तरह तैयार थे**

दबंग खान कई लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रहे हैं लेकिन उन्होंने कभी शादी नहीं की। दबंग खान को इंडस्ट्री का सबसे एलिजिबल बेचलर कहा जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक बार सलमान खान शादी के इतने करीब थे कि वह अपने सभी फैंस को सरप्राइज कर देते। लेकिन फिर अचानक उन्होंने शादी का प्लान कैंसिल कर दिया जिसकी वजह भी काफी अजीब थी। चलिए जानते हैं ये किस्सा।

**-कपिल के शो में खोला था ये सीक्रेट**

सलमान खान की शादी का ये किस्सा साजिद नाडियाडवाला ने द कपिल शर्मा शो पर शेयर किया था। साजिद ने बताया, 1999 में सलमान खान को ये ख्याल आया कि चलो शादी कर लेते हैं। शादी डिसाइड हो गई और कार्ड वार्ड छपवाकर बांट दिए गए। छोटा सा 20-25 लोगों का गैदरिंग होना था। 6 या 5 दिन पहले उन्होंने बोला कि यार मेरा मूड नहीं है। उन्होंने तो अपना इरादा बदल लिया..

**-स्टेज पर जाकर साजिद से कही ये बात**

इतना ही नहीं सलमान खान जब साजिद नाडियाडवाला की शादी में पहुंचे तो उन्होंने स्टेज पर जाकर उनसे कहा कि यार पीछे गाड़ी खड़ी है। तू निकल ले यहां से। तो इस तरह सलमान खान ने शादी सिर्फ 5 दिन पहले इसलिए कैंसिल कर दी थी क्योंकि उनका मूड नहीं था। हालांकि अब देखना ये है कि क्या सलमान खान शादी करेंगे या फिर वह जिंदगी भर कुंवारे ही रह जाएंगे।


# रकुल को रनवे 34 में बिग बी के सामने परफॉर्म करने में हुई मुश्किल

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने उन चुनौतियों के बारे में बात की है, जिनका उन्हें परियोजना के फिल्मांकन के दौरान सामना करना पड़ा था। जहां उन्हें अमिताभ बच्चन जैसे महान व्यक्तित्व के समक्ष अभिनय करना था। उन्होंने कहा कि सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा मिस्टर बच्चन के साथ कोर्ट रूम के दृश्य का प्रदर्शन करना था। मुझे शुरुआत में कोई प्रतिशोध या संवाद दिखाए बिना तनाव को दिखाना था। भय, कंपनी के प्रति वफादारी और चरित्र की दुविधा के साथ-साथ मिस्टर बच्चन के चरित्र द्वारा पैदा किए गए तनाव और घबराहट को आंखों के माध्यम से दिखाया जाना था क्योंकि चरित्र को बोलने की अनुमति नहीं थी। लेकिन, बॉलीवुड मेगास्टार के सामने प्रदर्शन करना उनके लिए एक आशीर्वाद समान था क्योंकि इसने फिल्म में उनके प्रदर्शन को निखारा था। रकुल ने कहा कि मुझे लगता है कि जब आपके सामने उनके जैसा एक मजबूत अभिनेता होता है, तो आपका प्रदर्शन भी ऊंचा हो जाता है, अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।



# टाइगर-3 के हिन्दी वर्जन के लिए अमेजन प्राइम ने चुकाए 200 करोड़

अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी प्रतियोगी कम्पनियों नेटफ्लिक्स और डिज्नी डॉट स्टार को जबरदस्त प्रतियोगी नुकसान पहुँचाते हुए बॉलीवुड की 40 ऐसी फिल्मों की डील करने में सफलता प्राप्त कर ली जिनमें बॉलीवुड के कमोबेश सभी स्थापित और न्यूकमर सितारे काम कर रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो ने यशराज फिल्म्स, धर्मा प्रोडक्शन की आगामी 5-5 फिल्मों की डील करने में सफलता हासिल कर ली है। सामने आ रही ताजा खबरों की मानें तो सुपरस्टार सलमान खान, कैटरीना कैफ स्टारर फिल्म टाइगर 3 के डिजीटल स्ट्रीमिंग के लिए निर्माताओं ने अमेजॉन प्राइम वीडियो से डील फाइनल की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपरस्टार सलमान खान की ये फिल्म पूरे 200 करोड़ रुपये में अमेजॉन प्राइम वीडियो को बेची गई है। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म की ये डील सिर्फ इसके हिंदी वर्जन को लेकर की गई है। बताया जा रहा है कि अमेजन प्राइम वीडियो ने इस फिल्म के तमिल और तेलुगू वर्जन के लिए यशराज फिल्म्स को 150 करोड़ का ऑफर दिया है। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की कोई घोषणा अमेजन प्राइम वीडियो या यशराज फिल्म्स की ओर से नहीं की गई है। वैसे अगर यह मान लिया जाए कि अमेजन प्राइम वीडियो ने इस फिल्म के हिन्दी, तमिल और तेलुगू अधिकारों को 350 करोड़ में खरीदा है तो यह अपने आप में एक बहुत बड़ी डील है। इस फिल्म को सुपरस्टार सलमान खान पैन इंडिया स्तर पर रिलीज करने की तैयारी में है। जिसे हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।



# विवेक अग्निहोत्री ने फिल्म को काल्पनिक कहने के लिए विकिपीडिया को लगाई फटकार

विवेक अग्निहोत्री के डायरेक्शन में बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को ऑडियंस ने खूब पसंद किया है। इस फिल्म की कहानी कश्मीरी पंडितों पर बेस्ड है। कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक विचारधारा वाली फिल्म तो कुछ ने मुस्लिम विरोधी फिल्म कहा। वहीं इसी बीच विकिपीडिया ने अपने पेज पर फिल्म को गलत और काल्पनिक बताया, जिस पर विवेक ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए विकिपीडिया को फटकार लगाई है। साथ ही इसे जल्दी एडिट करने को भी कहा है। विकिपीडिया के पेज पर फिल्म के बारे में लिखा गया, फिल्म द कश्मीर फाइल्स साल 2022 में बनी एक भारतीय हिंदी भाषा की ड्रामा फिल्म है, जिसे विवेक अग्निहोत्री ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म में कश्मीर के विवादित इलाके से कश्मीरी हिंदुओं के डिस्प्लेसमेंट की फिक्शनल स्टोरी दिखाई गई है। साल 1990 में हुए डिस्प्लेसमेंट को जेनोसाइड दिखाया गया है, जिसके बारे में ज्यादातर ऐसा सोचा जाता है कि यह गलत और षडयंत्र पर बनी कहानियों पर आधारित है। विवेक अग्निहोत्री ने इसका स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, प्रिय विकिपीडिया, आप इसमें इस्लामोफोबिया, प्रोपेगैंडा, संघी और कट्टर जैसे शब्द जोड़ना भूल गए हैं। आप अपनी सेकुलर पहचान खोते जा रहे हैं। जल्दी इसे और एडिट करें। द कश्मीर फाइल्स की कहानी कश्मीरी पंडितों पर बेस्ड है। इस फिल्म में विवेक की पत्नी पल्लवी जोशी ने जेएनयू की प्रोफेसर राधिका मेनन का रोल प्ले किया है। फिल्म के मुताबिक राधिका ने ही स्टूडेंट्स को आजाद कश्मीर के लिए लड़ाई करने को मोटिवेट किया था। इस फिल्म में अनुपम खेर के अलावा पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती, प्रकाश बेलावड़ी, दर्शन कुमार, भाषा सुंबली, पुनीत इस्सर जैसे एक्टर्स भी लीड रोल में नजर आ रहे हैं।

## सार समाचार

### सिर से पैर तक पहनें बुर्का, घर पर ही रहे तो बेहतर- तालिबान ने दिखाए अपने रंग, महिलाओं के लिए जारी किया फरमान



अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद तालिबान ने अपना धीरे-धीरे रंग दिखाना शुरू कर दिया है। इसी बीच खबर आ रही है कि अफगानिस्तान के सर्वोच्च नेता और तालिबान प्रमुख अखुंजादा ने आज शनिवार को देश के महिलाओं के लिए एक फरमान जारी कर दिया है। फरमान के मुताबिक अब महिलाएं सार्वजनिक तौर पर बुर्का पहनेगी। समाचार एजेंसी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कट्टर इस्लामी तालिबानी शासन की ओर से यह आदेश महिलाओं के जीवन पर लगाए गए सबसे कठोर नियंत्रणों में से एक है। पिछले साल अगस्त माह में तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी को हटाकर सत्ता की कुर्सी पर बैठने के बाद तालिबान ने दुनिया के सामने अपनी छवि बदलने का दिखावा किया था। तालिबान ने कहा था कि वह अब पहले जैसा तालिबान नहीं है और जनता के हिता में काम करेंगे। साथ ही कहा था कि लोगों को जिंदगी अपने तरीके से जीने की पूरी आजादी दी जाएगी। लेकिन समय के साथ-साथ तालिबान ने अपना असली रंग दिखा दिया और आज महिलाओं के लिए कठोर फरमान जारी कर दिया। तालिबान के फरमान में पुरुषों के लिए भी आदेश सुनाए गए है। जिसमें सिर पर टोपी, दाढ़ी और टखने से ऊपर पेंट पहनना अनिवार्य होगा। वहीं महिलाओं के इस नए फरमान को लेकर कहा गया है कि महिलाओं को एक चदोरी यानि सिर से पैर तक बुर्का पहनना होगा क्योंकि यह पारंपरिक और सम्मानजनक है। फरमान में आगे यह भी कहा गया है कि जो महिलाएं बूढ़ी और युवा नहीं है उन्हें शरिया निदेर्शों के अनुसार आंखों को छोड़कर, अपना पूरा चेहरा ढकना होगा ताकि पुरुषों से मिलने पर उत्तेजना से बचा जा सके। साथ ही महिलाओं को कहा गया है कि अगर कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हो तो बेहतर है कि वह घर के अंदर ही रहे।

### पाकिस्तान में भूकंप से 80 मकान ढहे, 200 से अधिक परिवार हुआ बेघर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 5.2 तीव्रता के भूकंप से खुजदार जिले में कम से कम 80 मकान ढह गए जिसके चलते 200 से अधिक परिवार बेघर हो गए। मीडिया की खबरों में शनिवार को यह जानकारी दी गई। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र औरनाजी के पास था और शुक्रवार को दिन में 11 बजकर 55 मिनट पर झटका महसूस किया गया। 'डॉन' अखबार के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि भूकंप करीब आधे मिनट तक महसूस किया गया, जिससे घबराए हुए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर खुले में भागे। बड़े झटकों के बाद थोड़े अंतराल पर कम तीव्रता के झटके महसूस किए गए। खुजदार के उपायुक्त सेवानिवृत्त मेजर इलियास किबजई ने 'डॉन' अखबार को बताया, 'औरनाजी का एक बड़ा क्षेत्र भूकंप से प्रभावित हुआ, जिसमें 80 से अधिक मकान ध्वस्त हो गए, जबकि 260 अन्य मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं।' भूकंप से वाध तहसील के नाल, जमरी, बारंग और नाचकन सोनारो लाठी गांवों में भी मकानों को नुकसान पहुंचा है। किबजई ने कहा, 'भूकंप से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि अधिकतर लोग अपने-अपने घरों के बाहर काम में व्यस्त थे। जो लोग अंदर थे वे शुरूआती झटके के बाद अपने घरों से बाहर निकल गए।' उन्होंने कहा कि मकान ढहने से 200 से अधिक परिवार बेघर हो गए। भूकंप की सूचना मिलने के तुरंत बाद, भूकंप प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री भेजी गई।

### उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण के 3 दिन बाद पनडुब्बी से दागी मिसाइल

सियोल। दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को अपने पूर्वी समुद्र की ओर कम से कम एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र दागा है। इस हफ्ते में यह उत्तर कोरिया का दूसरा परीक्षण है तथा इससे संकेत मिलते हैं कि वह आने वाले हफ्तों में या महीनों में परमाणु परीक्षण कर सकता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने अभी यह नहीं बताया कि क्या यह प्रक्षेपास्त्र बैलिस्टिक मिसाइल थी या यह कितनी दूर जाकर गिरी ? इससे तीन दिन पहले दक्षिण कोरिया और जापान की सेनाओं ने बताया था कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को अपनी राजधानी प्योंगयांग से एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। यह ताजा परीक्षण उत्तर कोरिया का इस साल का 15वां मिसाइल परीक्षण हो सकता है। ऐसे भी संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया एक परमाणु परीक्षण स्थल पर सुरंगों को बहाल कर रहा है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह परमाणु हथियारों का परीक्षण कर सकता है।

### गलत मिसाल देकर इमरान खान ने बना लिया खुद का ही मजाक, कहा- मैं अंग्रेज नहीं बन सकता, गधा-गधा ही रहता है

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले कुछ महीनों से अपनी सरकार के राजनीतिक उथल-पुथल के कारण सुर्खियों में रहे। लेकिन कुर्सी गंवाने के बाद भी इमरान खबरों में बने रहते हैं। ताजा मामला एक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे क्लिप से जुड़ा है। लोग इस वीडियो को शेयर करते हुए इमरान खान का मजाक उड़ा रहे हैं। दरअसल, इमरान खान ने एक पॉडकास्त शो के दौरान खुद को ही गधा बता दिया है। हालांकि प्रभासाक्षी ने स्वतंत्र रूप से इस वीडियो के स्रोत की पुष्टि नहीं की, लेकिन इसे ट्विटर पर हसन जैदी नाम के एक यूजर द्वारा साझा किया गया, जो अपने बायो के अनुसार 'द डॉन मैगजीन' से जुड़े पत्रकार हैं।

गधा, गधा ही होता है

वीडियो में इमरान को कहते हुए सुना जा सकता है कि मैं ब्रिटिश समाज का हिस्सा था, लेकिन मैंने उसे कभी स्वीकार नहीं किया। इसके साथ ही इमरान खान कहते हैं वे मेरा बहुत स्वागत करते हैं। इसके बावजूद मैंने कभी उसे अपना घर नहीं माना। इमरान फिर अपनी मिसाल देते हुए कहते हैं कि अगर आप गधे पर धारियां डालोगे तो वो जेब्रा नहीं हो जाएगा। गधा, गधा ही रहेगा। इमरान के इतना कहते ही इसका छोटा सा क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो को स्थानीय पत्राकर हसन जैदी ने दवीटर पर साझा किया।

इमरान कई बार विवादित बयान देकर करा चुके हैं अपनी फजीहत

हालांकि ऐसा कोई पहला मामला नहीं है जब अपने बयानों की वजह से इमरान खान का सरेआम मजाक न बना हो। इससे पहले भी वो ओसामा बिन लादेन को शहीद बताकर अपनी किरकिरी करवा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने तो पाकिस्तान में बढ़ रही बलात्कार की घटनाओं के लिए महिलाओं के कम कपड़ों को ही जिम्मेदार बताया था। उनकी पार्टी ने थे सत्ता से बेदखल होने के बाद पाकिस्तान के गृह मंत्री को आतंकियों का समर्थक बताकर दुनिया को चिट्ठी भी लिखी थी।



रोमानिया में अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात करती हुई अमेरिकी प्रथम महिला जिल बाइडेन।

## मीनाक्षी लेखी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष से यूक्रेन युद्ध से पनपे ऊर्जा संकट पर चर्चा की

संयुक्त राष्ट्र/न्यूयॉर्क। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद के साथ यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक खाद्य एवं ऊर्जा संकट के अलावा अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा की। लेखी ने ट्विटर पर इस संबंध में जानकारी दी। दक्षिण अमेरिकी देश चिली का दौरा करने के बाद न्यूयॉर्क पहुंचीं लेखी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद के साथ मुलाकात बेहद शानदार रही। हमने यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप वैश्विक स्तर पर खाद्य, ऊर्जा, पर्यटन और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में पैदा हुए संकट के अलावा अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा की। 'अब्दुल्ला शाहिद ने भी ट्वीट कर भारतीय विदेश राज्य मंत्री के साथ मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, हमने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के एजेंडे में शामिल विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें यूक्रेन में चल रहे युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य आपूर्ति, वित्त और ऊर्जा बाजारों पर पड़ने वाले प्रभाव शामिल हैं। इस दौरान लेखी ने न्यूयॉर्क स्थित मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट का भी दौरा किया। यहां उन्होंने संग्रहालय की टीम के साथ 'भारत-अमेरिका कला एवं संग्रहालय सहयोग' के मुद्दे पर चर्चा की।



## धारा-370 का हटना मुसलमानों के मुंह पर तमाचा, अल कायदा सरगना ने भारत के खिलाफ फिर उगला जहर

दुबई (एजेंसी)

वैश्विक आतंकी संगठन अल कायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी ने भारत के खिलाफ एक बार फिर जहर उगला है। जवाहिरी ने कश्मीर पर एक और वीडियो जारी किया है। वीडियो में उसने कहा है कि जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटना मुसलमानों के मुंह पर तमाचा है। जवाहिरी ने इससे पहले कर्नाटक हिजाब विवाद को लेकर भी बयान जारी किया था।

ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के एबटाबाद में मारे जाने के बाद अल कायदा की कमान अयमान अल जवाहिरी के हाथ में आ गई है। वर्तमान में यह दुर्दांत आतंकी किसी अज्ञात ठिकाने से अपने समूह का संचालन कर रहा है। नए वीडियो में, अल-कायदा प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी ने जम्मू और कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन करने के लिए अरब देशों की आलोचना की है। उसने अपने वीडियो में कश्मीर की तुलना फिलीस्तीन से करते हुए भारत के खिलाफ जमकर बयानबाजी की। जवाहिरी ने अपने वीडियो में इजरायल और भारत की तुलना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। इस वीडियो में हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे लोगों और सांप्रदायिक हिंसा के शिकार हुए लोगों को भी दिखाया गया है। जवाहिरी ने अपने वीडियो में कश्मीर की लड़ाई को मुसलमानों की लड़ाई के तौर पर बताया है। जवाहिरी के इस वीडियो में भारत में हिंसा भड़काने और कश्मीर के लोगों को हथियार उठाने के लिए उकसाया है। यह वीडियो अल-कायदा की मीडिया विंग अस-साहब ने जारी किया है। वीडियो में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में दिल्ली के जामिया विश्वविद्यालय में हुई हिंसा के दृश्य को भी दिखाया गया है। उल्लेखनीय है कि सन 2014 में अल कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी ने एक्यूआईएस के गठन की घोषणा की थी। भारत में जन्मे आसिम उमर को इसका प्रमुख बनाया गया था। इस संगठन का मकसद भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार और बांग्लादेश की सरकारों के खिलाफ जेहाद करना है। जवाहिरी पहले भी वीडियो जारी कर कश्मीर के लोगों से हथियार उठाने की अपील कर चुका है।



## श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल की घोषणा की

कोलंबो (एजेंसी)

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल की घोषणा की जोकि शुक्रवार मध्यरात्रि से प्रभावी होगा। राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रभाग ने यह जानकारी दी। आपातकाल के तहत पुलिस और सुरक्षा बलों को मनमाने तरीके से किसी को भी गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने की शक्ति मिल जाती है। मीडिया प्रभाग के मुताबिक, राजपक्षे का यह निर्णय जनता की सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं को बरकरार रखने के लिए है ताकि देश का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो सके। श्रीलंका में जनता द्वारा पिछले कई सप्ताह से राष्ट्रपति और सरकार के इस्तीफे की मांग के बीच आपातकाल लागू करने का फैसला लिया गया है। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और उनकी सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर व्यापार संघ शुक्रवार को देशव्यापी हड़ताल पर रहे। स्वास्थ्य, डाक, बंदरगाह और अन्य सरकारी सेवाओं से जुड़े ज्यादातर व्यापार संघ हड़ताल में शामिल रहे। हालांकि सत्तारूढ़ दल के समर्थक कई व्यापार संघ इसमें शामिल नहीं थे। ह्यज्वाइंट ट्रेड यूनियन एक्शन ग्रुप के रवि कुमुदेश ने कहा, 2000 से अधिक व्यापार संघ हड़ताल में शामिल हैं। हालांकि, हम आपात सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस एक दिवसीय हड़ताल का मकसद राष्ट्रपति को यह बताना है कि उन्हें अपनी सरकार के साथ इस्तीफा दे देना चाहिए। यदि हमारे अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया गया तो हम 11 मई से तब तक हड़ताल करेंगे जब तक सरकार इस्तीफा नहीं दे देती। वहीं, शिक्षक संघ के महिंदा जयसिंघे ने कहा कि स्कूल के शिक्षक व प्रधानाध्यापक भी आज की हड़ताल में शामिल हैं। निजी बस संचालकों ने कहा कि डीजल के लिए ईंधन स्टेशन पर लंबी कतारों के कारण उनके लिए सेवाएं देना मुश्किल हो गया है।

## इजराइल के गृह मंत्री ने 4,000 लोगों के लिए बस्ती निर्माण की योजना बनाई

यरुशलम। (एजेंसी)

इजराइल के गृह मंत्री ने कहा कि उनका देश वेस्ट बैंक में 4,000 लोगों के लिए बस्ती निर्माण की योजना को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हालांकि इसके बाद फलस्तीनी प्राधिकरण ने इजराइल को 'गंभीर परिणाम' भुगतने की चेतावनी दी है। अगर इस योजना को मंजूरी मिल जाती है, तो यह जो बाइडन प्रशासन के पदभार संभालने के बाद से बस्ती निर्माण योजनाओं की दिशा में सबसे बड़ी प्रगति होगी। व्हाइट हाउस बस्तियों के विकास का विरोध करता है क्योंकि इससे इजराइल-फलस्तीनी संघर्ष को लेकर दो-राष्ट्र समाधान की संभावना और कमजोर पड़ जाएगी।

बस्तियों के धुर समर्थक गृह मंत्री आयलेत शेक ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि वेस्ट बैंक में 4,000 मकानों के निर्माण को मंजूरी देने के लिए अगले सप्ताह योजना समिति की एक बैठक बुलाई जाएगी। शेक ने इसे 'बुनियादी और आवश्यक' बताया। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू आरडेनेह ने कहा कि योजना को मंजूरी मिलने से पहले से ही तनावग्रस्त वेस्ट बैंक में 'और गंभीर परिणाम' होंगे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वे परिणाम क्या हो सकते हैं। फलस्तीनी प्राधिकरण के पास बस्ती निर्माण या किसी अन्य इजराइली कदम को रोकने का कोई तरीका नहीं है। इजराइल के हारेत्ज अखबार ने बताया कि नागरिक प्रशासन बृहस्पतिवार को 1,452 मकानों के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बैठक करेगा और अन्य 2,536 मकानों के लिए रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज मंजूरी देंगे। रक्षा मंत्रालय ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में नागरिक मामलों के प्रभारी सैन्य निकाय सीओजीएटी को प्रश्न भेजे। सीओजीएटी ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया।

## अमेरिका के विदेश मंत्री ने बिलावल भुट्टो जरदारी से की फोन पर बात, नयी सरकार बनने के बाद पहली उच्च स्तरीय वार्ता

इस्लामाबाद/वाशिंगटन। (एजेंसी)

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पाकिस्तान के अपने समकक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी से टेलीफोन पर बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों पर विचार साझा किए। पाकिस्तान में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली इस तरह की उच्च स्तरीय वार्ता है। पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के, विपक्ष द्वारा पेश किए अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उनकी सरकार को सत्ता से बाहर करने की 'विदेशी साजिश' के पीछे अमेरिका का हाथ होने का आरोप लगाने के हफ्तों बाद यह बातचीत हुई है।



विदेश कार्यालय (एफओ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ब्लिंकन से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान ब्लिंकन ने पदभार संभालने पर बिलावल को बधाई दी और परस्पर लाभकारी पाकिस्तान-अमेरिकी द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की। बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों के विभिन्न आयामों पर विचार साझा किए गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के बीच लंबे समय से व्यापक संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच परस्पर सम्मान और परस्पर हितों पर आधारित, सार्थक और सतत रिश्ते क्षेत्र में तथा उससे बाहर शांति, विकास और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अहम हैं। बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान की दूरदृष्टि मानवीय विकास, क्षेत्रीय संपर्क और पड़ोसी के साथ शांतिपूर्वक रिश्तों पर केंद्रित है। विदेश विभाग के अनुसार, ब्लिंकन ने बातचीत में व्यापक आधार वाले द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने की इच्छा दोहरायी।

उन्होंने अफगानिस्तान की स्थिरता और आतंकवाद से लड़ने के लिए अमेरिका-पाकिस्तान की मजबूत प्रतिबद्धता दोहरायी। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, जलवायु, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर चल रही भागीदारी पर भी जोर दिया। विदेश कार्यालय ने कहा कि पिछले दो वर्षों में कोविड महामारी से निपटने में पाकिस्तान-अमेरिकी सहयोग का निर्माण करते हुए ब्लिंकन ने पाकिस्तान को इस महीने वर्चुअल रूप से होने वाले दूसरे वैश्विक कोविड सम्मेलन में आमंत्रित किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को 18 मई को न्यूयॉर्क में होने वाली, वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लेने को भी आमंत्रित किया। दोनों नेता संपर्क में रहने और परस्पर हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर भागीदारी बढ़ाने पर भी सहमत हुए। पाकिस्तान में पिछले महीने नयी सरकार बनने के बाद से दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली वार्ता है।

# दूर स्थित किसी अन्य ग्रह पर भी मौजूद हो सकते हैं इंसान

**- वैज्ञानिकों का दावा- धरती के सभी इंसान हैं एलियंस!**

टोक्यो (एजेंसी)

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति कैसे हुई? वैज्ञानिकों का नया दावा चौंकाने वाला है। कहा जा रहा है कि पृथ्वी पर जीवन एक ऐसे ग्रह से आया है जो हमसे खरबों किमी दूर स्थित है। तो क्या इसका मतलब है कि हम सब एलियंस हैं? इंसानों के डीएनए में पाए जाने वाले केमिकल ब्लॉक्स पहली बार ऐसे ऐस्टरॉइड्स में मिले हैं जो अरबों साल पहले धरती से टकराए थे।

यह इस बात की तरफ इशारा करता है कि धरती पर जीवन के बीज कहीं और से बोए गए थे और बेहद दूर स्थित किसी अन्य ग्रह पर भी इंसान मौजूद हो सकते हैं। खबर के अनुसार तीन कार्बन युक्त उल्कापिंडों, मुर्चिसन, मुर्रे और टैगिश लेक, की हाई-टेक तरीकों से जांच की गई। जापान की होक्काइडो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर यासुहिरो ओबा ने कहा कि हमें न्यूक्लियोबेस सहित कई विविध जैविक सामग्री मिली हैं जो हमारे जीवन के बुनियादी ब्लॉक्स हैं। उन्होंने कहा कि ये चार अरब साल पहले क्षुद्रग्रहों, उल्कापिंडों, धूमकेतुओं और ग्रहों की धूल के कणों से धरती पर लाए गए होंगे, जब हमारे ग्रह पर अंतरिक्ष के मलबे की बमबारी हो रही थी।

ओबा ने कहा कि हमारा मानना है कि इन सामग्रियों ने पृथ्वी पर जीवन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बहुत ही रोमांचक खोज है जो हमारी समझ का विस्तार करती है कि जीवन कैसे शुरू हुआ। पृथ्वी पर जीवन का आधार, डीएनए और आरएनए बनाने के लिए दो तरह के न्यूक्लियोबेस की आवश्यकता होती है। इन्हें पाइरीमिडीन और प्यूरीन कहा जाता है। इससे पहले उल्कापिंडों में सिर्फ प्यूरीन पाया गया था। कुछ दिनों पहले एक वैज्ञानिक ने दावा किया था कि संभवतः एलियंस का एक 'विमान' प्रशांत महासागर में क्रैश हुआ है। अपने दावे को साबित करने के लिए वह एक मिशन शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।



## वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष ईंट बनाने का तरीका खोजा

**-भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के यूरिन से बनाई 'स्पेस ब्रिक'**

वॉशिंगटन (एजेंसी)

भारतीय वैज्ञानिकों ने स्पेस ब्रिक यानी अंतरिक्ष ईंट बनाने का तरीका खोजा है। स्पेस ब्रिक बनाने के लिए मंगल ग्रह की मिट्टी और अंतरिक्ष यात्रियों की यूरिन यानी मूत्र का इस्तेमाल किया जाएगा। ये तरीका बेहद सस्ता और मजबूत है। भारतीय विज्ञान संस्थान ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सहयोग से इन ईंटों को बनाया है। यूरिन का मुख्य यौगिक यूरिया, बैक्टीरिया, ग्वार गम और निकल क्लोराइड को मिलाया गया। इसके जरिए एक घोल बना, जिसे सांचों में डाला गया। कुछ दिनों में बैक्टीरिया ने यूरिया को कैल्शियम कार्बोनेट के क्रिस्टल में बदल दिया।बैक्टीरिया द्वारा स्त्रावित होने वाले बायोपॉलिमर और ये क्रिस्टल सीमेंट की तरह काम करते हैं, जो मिट्टी के कणों को एक साथ रखते हैं। भारतीय विज्ञान संस्थान के शोधकर्ता अब ये जांच करने की योजना बना रहे हैं कि मंगल ग्रह के कम गुरुत्वाकर्षण और वातावरण इन ईंटों को कैसे प्रभावित करेगा। इससे पहले ग्रुप ने चांद की मिट्टी से ईंटें बनाने पर काम किया था, लेकिन उसके साथ दिक्कत ये थी कि उससे सिर्फ बेलनाकार ईंटे बन सकती थीं। जबकि मंगल की मिट्टी से किसी भी आकार के ईंट बनाए जा सकते हैं। आईआईएससी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अंतरिक्ष ईंटों का इस्तेमाल मंगल पर मानव बस्तियों को बसाने में किया जा सकता है। हालांकि अभी ये देखना बाकी है कि ये ईंटें मंगल पर टिकेंगी या नहीं, क्योंकि लाल ग्रह की मिट्टी में लोहा है जो जीवों के लिए जहरीली है, इसी कारण शुरूआत में इसमें बैक्टीरिया नहीं टिक पा रहे थे। लेकिन निकल क्लोराइड मिला कर इसे बना लिया गया। मालूम हो कि मंगल ग्रह हमेशा से इंसानों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है।

# साइबर थाना फरीदाबाद टीम लगातार साइबर ठगो पर कस रही शिकंजा

**फरीदाबाद की आवाज/योगेन्द्र अरोड़ा**

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर फेसबुक काफी हद तक लोगों को आपस में जोड़ने में सफल रही है। नागरिकों की इस प्रकार की कनेक्टिविटी से अनेकों फायदे होते हैं जहां आमजन एक दूसरे से संपर्क करके अपने विचारों को पूरी दुनिया में फैला सकते हैं परंतु यदि इसका गलत इस्तेमाल हो जाए तो उससे बहुत लोगों को आर्थिक चपत भी लग सकती है। कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोग फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का गलत फायदा उठाकर उसमें टारगेट को लुभाने के लिए महिला के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर लोगों के साथ दोस्ती करते हैं ताकि उनसे पैसे ऐंठ सके। इसी प्रकार की साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर थाना फरीदाबाद की टीम ने तीन विदेशी नागरिकों तथा एक महिला सहित गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हेडक्वार्टर नीतीश अग्रवाल ने पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21ष्ट में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 3 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है जिसमे नाइजीरिया के रहने वाले गैब्रियल व किंग्सले तथा घाना के रहने वाले गॉडविन का नाम शामिल है जो फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे। आरोपी गॉडविन का वीजा फरवरी 2021 तथा किंग्सले का वीजा 10 महीने पहले एक्सपायर हो चुका था जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। इसके अलावा महिला आरोपी युर्थिंग्ला वारोंग उर्फ मम्मी जो मणिपुर की रहने वाली है और फिलहाल दिल्ली में रह रही थी को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुंबई के रहने वाले हरीश, फिरोज अंसारी, नोएडा




के रहने वाले राजकुमार उर्फ राजू व सफ़र उद्दीन और दिल्ली के रहने वाले सुशील तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने दिसंबर 2021 में फरीदाबाद निवासी रामकिशोर के साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें उन्होंने रामकिशोर के साथ 7.39 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस थाना साइबर अपराध में दी जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ षडयंत्र, धोखाधड़ी तथा फर्जी कागजात बनाकर उपयोग में लेने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने इस मामले में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के लिए साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की अगुवाई में टीम का गठन किया जिसमें उप निरीक्षक प्रवीण, एसआई दीपक, शिवराज, प्रधान सिपाही भूपेंद्र, महिला प्रधान सिपाही अंजू, सिपाही आजाद, राकेश तथा अंशुल का नाम शामिल था। साइबर थाना की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सबसे पहले दिनांक 26 मार्च 2022 को घाना के रहने वाले आरोपी गॉडविन को गिरफ्तार करके 11 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जिसमें उसने अपने साथियों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। इसके पश्चात दिनांक 2 अप्रैल को आरोपी गैब्रियल तथा हरीश फिरोज अंसारी को गिरफ्तार करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। दिनांक 7 अप्रैल को आरोपी गॉडविन, गैब्रियल तथा हरीश को रिमांड खत्म होने के पश्चात अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया। इसके पश्चात आरोपी युर्थिंगला वारोंग तथा किंग्सले को दिनांक 15 अप्रैल को गिरफ्तार करके 3 दिन के रिमांड पर लिया गया और 19 अप्रैल को जेल भेज दिया गया। आरोपी राजकुमार को 18 अप्रैल तथा सफरूदीन को 20 अप्रैल को दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार करके रिमांड के दौरान पूछताछ करने के पश्चात 23 अप्रैल 2022 को दोनो आरोपियों को दोबारा जेल भेज दिया गया। पुलिस उपायुक्त ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं।

# फरीदाबाद में शुक्रवार को कोविड-19 के 79 पॉजिटिव मामले आए

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में आज शुक्रवार को कोरोना वायरस के 79 मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि अच्छी बात यह है की 152 लोगों को ठीक होने पर घर भेज दिया गया है। वहीं जिला में कोरोना का रिकवरी रेट भी 98.96 प्रतिशत पर पहुंच गया है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव के 9 केस अस्पताल में भर्ती है। जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 588 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या 597 है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में आज 1853 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि जिला फरीदाबाद में 1589269 लोगों द्वारा अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 128648 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1458492 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1762 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला में सैंपल पॉजिटिव रेट 8.09 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 98.96 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.46 प्रतिशत है। इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए टीकाकरण भी जोर शोर से किया जा रहा है। कोरोना रोधी वैक्सीन लगातार लगाई जा रही है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने फरीदाबाद जिला वासियों से अपील की है कि वे अब भी निरन्तर कोरोना को मात देने के लिए सावधानी लगातार बरतते रहें और कोशिश करें। कोरोना के बारे में कोई भी जानकारी लेनी हो तो स्वास्थ्य विभाग के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2415623 और 8882916056 डायल करें। इसके अलावा, जिला प्रशासन के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2221000 पर भी संपर्क कर सकते हैं। सरकार द्वारा जारी की गई। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम भक्त ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1743637 लोगों को अब तक सर्विलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्विलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1737679 हो गई है।



# इस बार आगे नहीं बढ़ेगी मंझावली पुल की डेडलाइन–राजेश नागर



**फरीदाबाद की आवाज**


**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने आज मंझावली यमुना पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उनके साथ अधिकारियों का पूरा दल मौजूद था। हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने के बाद नागर का यह औचक दौरा था।

इस दौरे के दौरान विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस बार मंझावली पुल निर्माण की डेडलाइन आगे नहीं बढ़ेगी और यह पुल जुलाई माह में ही पूरा हो जाएगा। इसके बाद दिसंबर तक इसकी कनेक्टिविटी नोएडा से हो जाएगी। जिसके बाद लोग इसका लाभ लेना प्रारम्भ कर सकेंगे। श्री नागर ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता व अन्य का पूरा अमला मौजूद रहा। जिनसे नागर ने एक एक जानकारी एकत्रित की। नागर ने हर उस पहलू की जानकारी ली, जिनके आधार पर प्रोजेक्ट की देरी की जाती रही है। नागर ने अधिकारियों से पक्के तौर पर पूछा कि यह निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाएगा। दौरे के बाद संतुष्ट दिखे विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस बार इस पुल निर्माण की तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। हमारी केंद्रीय मंत्री नितिन गडक़री से बात हुई थी और उन्हें मैंने ग्राउंड रिपोर्ट की जानकारी दी थी। उनसे हुई बातों के आधार पर ही आज मैंने निर्माण कार्य का दौरा किया है।

श्री नागर ने कहा कि हमारे गडकरी जी का मंत्रालय देश में बहुत अच्छा काम कर रहा है। वह 2014 में 10-12 किलोमीटर प्रतिदिन की रफ्तार से बन रही सडक़ों की स्पीड को तीन गुना से भी अधिक कर चुके हैं। इसका पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ है। अगर यह कोरोना न आया होता तो देश अभी तक कहीं का कहीं पहुंच सकता था। इस कोरोना के कारण हमारा देश कई साल पीछे चला गया है। लेकिन अब फिर से केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर विकास के लिए काम कर रहे हैं। जिसके सकारात्मक नतीजे जनता के सामने आ रहे हैं।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि आने वाले समय में यह पुल फरीदाबाद व नोएडा के जरिए हरियाणा और उत्तर प्रदेश को आपस में जोडऩे का काम करेगा। जिसकी लाखों लोगों को बेसब्री से प्रतीक्षा है। इस दौरान उनके साथ राकेश सरपंच मंझावली के पूर्व सरपंच, अजब सिंह सरपंच, राव नारायण सिंह, दयानन्द नागर, अमन नागर, ललित नागर, प्रदीप गुर्जर, राकेश मौजाबाद, राव सुरेन्द्र, कर्मवीर शर्मा, युधिष्ठिर शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





आदरणीय सदस्यों, आप सभी को यह जानकर हर्ष होगा कि दिनांक 8/5/2022 को संघर्ष समिति के कार्यलय में एक मीटिंग का आयोजन किया गया/ इस मीटिंग में लगभग सभी कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया/ इस दौरान सभी की सहमति से श्री रंजीत कुमार को पुनः समिति का सदस्य एवं मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया/पत्र संलग्न है

# विश्व रेडक्रॉस दिवस–एन आई तीन फरीदाबाद बालिका विद्यालय में रेडक्रॉस दिवस की तैयारी

**फरीदाबाद की आवाज/सतेन्द्र राजपूत**

**फरीदाबाद।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा विभिन्न गतिविधियां और प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रीसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को मनाने के लिए 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर रेड क्रॉस वॉलिंटियर्स आवश्यकता में असहाय जनों की सहायता करने में रेडक्रॉस के संस्थापक को उन के बहुमूल्य योगदान के लिए श्रद्धांजलि देते हैं। यह दिवस 8 मई को हेनरी डयूना की जयंती पर मनाया जाता है जो रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि रेड क्रॉस की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थितियों में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, आरंभ करना और प्रोत्साहित करना है। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को मूल रूप से मानवीय सिद्धांतों और मूल्यों के प्रचार सहित आप चार भागों में वर्गीकृत कर सकते हैं जिनमें आपदा प्रतिक्रिया, आपदा तैयारियां, स्वास्थ्य और देखभाल सम्मिलित हैं। रेड क्रॉस सात सिद्धांतों मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक, एकता और सार्वभौमिकता पर आधारित है। यह विश्व का सब से वृहत मानवतावादी संगठन है। हेनरी के प्रयासों से 1864 में जेनेवा समझौते के जरिए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस मूवमेंट की स्थापना हुई थी। हेनरी डयूना को पहला नोबेल शांति पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। रेड क्रॉस एक स्वयंसेवी संस्था है और देश के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने और राहत पहुंचाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार की संस्थाओं में जो स्वयंसेवक होते हैं, उनसे लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विद्यालय में रेड क्रॉस और थैलेसीमिया दिवस पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, क्विज, जनचेतना रैली एवम विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से रेड क्रॉस दिवस मनाया जायेगा।

# शेषअवतार माने जाने वाले रामानुज स्वामी की जयंती पर पूजन के बाद निकाली भव्य शोभायात्रा

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धदाता आश्रम के पांच दिवसीय 15वें ब्रह्मोत्सव के चौथे दिन रामानुज संप्रदाय के प्रवर्तक स्वामी रामानुज की जयंती जोरदार ढंग से मनाई गई। मान्यता के अनुसार रामानुज स्वामी को शेष अवतार माना जाता है जिन्होंने कलियुग में धर्म से दूर हो रहे लोगों को धर्म के साथ जोड़ा। रामानुज संप्रदाय के प्रमुख स्थल श्री सिद्धदाता आश्रम एवं श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में भाष्यकार रामानुज स्वामी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। श्री सिद्धदाता आश्रम के अधिष्ठाता श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने बताया कि करीब एक हजार वर्ष पूर्व धर्म से विरुद्ध आचरण बढने पर भगवान के निर्देश पर शेषजी ने रामानुज के रूप में दक्षिण के पेरंबदूर में अवतार लिया और लोगों को धर्म के साथ जोड़ा।

# बल्लभगढ़ प्रजापति महासंघ की बैठक सम्पन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ प्रजापति महासंघ की बैठक एक निजी वाटिका में संपन्न हुई और इस बैठक में (ओबीसी वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा) रामेश्वर प्रजापति ने हिस्सा लिया, जहां पर समाज से जुड़े मुद्दों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और समाज में नए कार्य करने को लेकर भी योजना बनाई। प्रजापति महासंघ की बैठक में समाज में सामाजिक कार्य को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे के साथ विचार विमर्श किया गया और समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने के लिए योजना तैयार की गई। बैठक में योजना बनाई गई की शिक्षा को लेकर प्रजापति समाज किए जा रहे किए जा रहे कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए। समाज में जो बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं उन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाए साथ ही समाज में जो पूरे रीति रिवाज जैसे दहेज की मांग, शादियों में शराब का सेवन, शादियों में फिजूलखर्ची इनका पूरी तरह से विरोध किया।





















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338